माघ कृष्ण पक्ष-14, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 292 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
08 अप्रैल 2024 सोमवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




आज का मौसम
36 अधिकतम
23 न्यूनतम

## मध्यप्रदेश में आज नामवापसी का आखिरी दिन




**भोपाल।** मध्य प्रदेश में रीवा, सतना, टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, बैतूल और होशंगाबाद में होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए आज प्रत्याशियों की स्थिति साफ हो जाएगी। आज नाम वापसी का अंतिम दिन है, इसके बाद स्पष्ट हो जाएगा कि किस सीट पर कितने उम्मीदवारों के बीच लड़ाई है। कहां सबसे अधिक और कहां सबसे कम उम्मीदवार हैं। यहां 26 अप्रैल को मतदान होना है, यानी नाम वापसी के बाद 16 दिन प्रचार के लिए प्रत्याशियों को मिलेंगे।

## दिल्ली विस में हंगामा, भाजपा विधायक बाहर निकले



**नई दिल्ली** । आज दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। दरअसल, भाजपा विधायकों ने जल बोर्ड में घोटाले संबंधी दिल्ली सरकार की रिपोर्ट पर चर्चा कराने की मांग की थी। लेकिन अध्यक्ष चर्चा के लिए तैयार नहीं हुए। इस पर भाजपा विधायकों ने हंगामा किया और नारेबाजी करते हुए बाहर निकल गए।

## पीएम की रैली से पहले छग में नक्सली साजिश नाकाम



**रायपुर।** देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ' ने लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के बड़े हमले की साजिश को नाकाम कर दिया है। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बस्तर रैली से पहले सीआरपीएफ के जवान उस गुफा तक पहुंचने में कामयाब रहे, जहां पर नक्सलियों ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री छिपा रखी थी। सीआरपीएफ जवानों ने सुकमा के किस्टाराम थाना क्षेत्र के डुब्बामरका एवं बीरम के जंगलों में स्थित एक गुफा में रखे गए विस्फोटकों एवं हथियारों में बैरल ग्रेनेड लॉन्चर , बीजीएल प्रोजेक्टर, जिलेटिन रॉड, इलेक्ट्रोनिक डेटोनेटर और आईईडी बनाने का दूसरा सामान शामिल है।

### मप्र में पहले चरण की छह सीटों के लिए पीएम के बाद आज कांग्रेस की दो सभा

# आदिवासी दुर्ग जीतने बड़ी घेराबंदी
# राहुल आज, मोदी-शाह जल्द लौटेंगे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में पहले चरण के मतदान वाली छह में से दो आदिवासी बहुल सीटों पर कांग्रेस के साथ ही भाजपा को कम मशक्कत नहीं करना पड़ रही है। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा कल रात जबलपुर में की गई 'शुरूआत' के बाद आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी शहडोल और मंडला संसदीय क्षेत्र में सभा के लिये पहुंच रहे हैं। गौरतलब है कि मोदी ने अपने पहले चुनावी दौरे में भाषण की बजाए लोगों से मिलने व रोड शो में पूरा समय लगाया। माना जा रहा है कि वे कल बालाघाट के दौरे सभा में अपनी पूरी बात रखेंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री अमित शाह संभवत 12 अप्रैल को शहडोल के दौरे पर होंगे। दोनों सीटों पर दोनों दलों के आदिवासी नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। मंडला में केंद्रीय मंत्री कुलस्ते छह बार जीते हैं लेकिन हाल में विधानसभा चुनाव में हार चुके हैं। कांग्रेस ने विधायक ओमकार सिंह मरकाम को मैदान में उतारा है। शहडोल में भाजपा की हिमाद्री सिंह व कांग्रेस विधायक फुंदेलाल मार्को में मुकाबला है।

### सीएम मोहन यादव ग्वालियर मुरैना में



**वहीं** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज इंदौर पहुंचकर गोम्मटगिरी स्थित गोवर्धन गौ शाला में संत श्री कमल किशोर नागर की कथा में शामिल हो रहे हैं। इसके बाद वे ग्वालियर रवाना होंगे तथा यहां से मुरैना लोकसभा की सबलगढ़ विधानसभा के ग्राम मामचोन में कार्यक्रम में शामिल होंगे। जबकि पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान आज छिंदवाडा और नर्मदापुर में प्रचार के लिये पहुंचे हैं। कैलाश विजयवर्गीय मंडला और वीडी शर्मा खजुराहो में प्रचार में जुटे हैं।

### अजब सिंह भाजपा के, मंडला में भी कोशिशें



चुनावी गर्मियों व तल्खियों के बीच आज मुरैना अंचल के कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक अजब सिंह कुशवाह भाजपा में शामिल हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि वे दोपहर तक भाजपा की सदस्यता ले लेंगे। कांग्रेस ने मुरैना में नीटू सिकरवार को टिकट दिया है। वहीं सूत्रों की मानें तो मंडला और शहडोल में भी भाजपा की न्यू ज्वाइनिंग टोली सक्रिय है। यहां भी कांग्रेस व अन्य दलों के नेताओं को भाजपा में शामिल कराने की कोशिशें की जा रही हैं।

## राहुल के मंच पर फग्गन की फोटो



इधर एक तस्वीर चर्चा में आ गई है, जो कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मंडला में चुनावी सभा से ठीक पहले मुख्य मंच पर लगा दी गई, सभा शाम को है। बीजेपी उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते की यह तस्वीर कांग्रेस नेताओं के बीच लगी नजर आई। हालांकि, इसमें कुलस्ते का नाम नहीं लिखा गया। धनोरा गांव में जनसभा के लिये यह मंच सजाया गया है। मुख्य मंच पर जो फ्लेक्स लगाया गया है, उसमें कांग्रेस नेताओं के साथ बीजेपी उम्मीदवार फग्गन सिंह कुलस्ते की तस्वीर के हडकंप मच गया। आनन-फानन में मंच पर लगे फ्लेक्स में बीजेपी नेता कुलस्ते की फोटो को ढंका गया और उस फ्रेम में कांग्रेस विधायक रजनीश हरवंश सिंह का पोस्टर चिपका दिया गया। राहुल दोपहर 3 बजे तक सिवनी पहुंचेंगे फिर शाम 4 बजे शहडोल की रैली में शामिल होंगे।

## सिंधिया के पुत्र ने तले समोसे



लोकसभा चुनाव का प्रचार के तहत गुना क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ उनके परिवारजन भी प्रचार मैदान में हैं। सिंधिया के बेटे महाआर्यमन की एंट्री भी चर्चा में हैं। वे मुंगावली, चंदेरी और अशोकनगर में सिंधिया के बेटे ने युवाओं को साध रहे हैं। महाआर्यमन चंदेरी में भजन कीर्तन करने के साथ समोसे तलते और छोटे दुकानदारों के साथ बातें करते हुए नजर आए। उन्होंने एक बुनकर की दुकान पर पहुंचकर अपनी मां प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया के लिए चंदेरी साड़ी पसंद की और मां को वीडियो कॉल पर दिखाई तथा दुकानदार से मां की बात भी वीडियो कॉलिंग पर कराई. हालांकि, प्रियदर्शिनी ने साड़ी देखने के बाद महाआर्यमन को दुकानदार का विजिटिंग कार्ड लेकर आने के लिए कहा. प्रियदर्शिनी ने कहा कि साड़ी बाद में हम उनसे लेंगे।



## दुर्लभ संयोग में डुबकी

आज सोमवती अमावस्या पर अलसुबह हरिद्वार में गंगा में आस्था की डुबकी लगाने भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे ।बताते हैं कि इस बार सोमवती अमावस्या का स्नान बहुत ही दुलर्भ संयोग के साथ पड़ा है।

## सोमवती अमावस्या पर स्नान के लिए जाते समय हादसा, दो मौत



**सागर/देवरी कलां।** आज सोमवती अमावस्या की सुबह करीब 4.30 बजे नेशनल हाईवे 44 स्थित राजोला चौराहे पर तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने सवारी लेकर जा रहे ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी। इससे ऑटो में सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि 15 लोग घायल हो गए है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया है। सभी घायल और मृतक सागर जिले के ग्राम ढावरी थाना बांदरी के निवासी हैं जो सोमवती अमावस्या को बरमान स्थित नर्मदा नदी में पुण्य स्नान के लिए जा रहे थे।

## बेटे की परीक्षा का हवाला दिया, मगर कविता की जमानत याचिका निरस्त

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

शराब नीति मामले में गिरफ्तार भारतीय राष्ट्र समिति की नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को राउज एवेन्यू कोर्ट से राहत नहीं मिली है।



अदालत ने उनकी अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। कविता ने अपने 16 वर्षीय बेटे की चल रही परीक्षाओं का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत मांगी थी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 4 अप्रैल को कविता और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था. कोर्ट ने आज अपना फैसला सुनाया। कविता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने एक प्रावधान का हवाला दिया था जो महिलाओं को अपवाद प्रदान करता है। सिंघवी ने कहा 'ऐसा नहीं है कि बच्चा गोद में है या छोटा है, वह 16 साल का है. लेकिन यहां मुद्दा अलग है. यह एक मां का अपने बच्चे के लिए नैतिक और भावनात्मक समर्थन का मुद्दा है. उसे (के. कविता की गिरफ्तारी से उनके बेटे को) पहले ही ट्रॉमा पहुंच चुका है।'

## सीईओ के इस्तीफे की खबर से बैंक का शेयर लड़खड़ाया




**नई दिल्ली , एजेंसी।**

प्राइवेट सेक्टर के बंधन बैंक के शेयर आज बाजार में ऐसे फिसले कि हाहाकार मच गया। बाजार खुलने के बाद महज 5 मिनट के कारोबार में ही इस बैंकिंग शेयर में 8 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आ गई। शेयरों टूटने का ये सिलसिला दरअसल, एक खबर के बाद देखने को मिला , जिसमें कहा जा रहा है कि बैंन के सीईओ व फाउंडर चंद्रशेखर घोष ने बोर्ड को अपना इस्तीफा भेज दिया है। बैंक की ओर से बीते शुक्रवार को कहा गया था कि उसके सीईओ घोष 9 जुलाई 2024 को रिटायर हो रहे हैं और उन्होंने अपना इस्तीफा बैंक बोर्ड को भेज दिया है। इसके बाद ग्लोबल रेटिंग एजेंसी जेफरीज ने अनुमान जताते हुए कहा कि बैंक के शेयर टारगेट प्राइस 40 फीसदी तक घटा दिया है। इन खबरों का असर सोमवार को शेयर बाजार ओपन होने के साथ ही बंधन बैंक के शेयर पर दिखाई देने लगा।

## पिछड़ चुकी धोनी ब्रिगेड के लिए आज महत्वपूर्ण मैच

**चेन्नई, एजेंसी।**

गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम इस बार आईपीएल में लगातार दो शिकस्त के बाद सोमवार शाम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के साथ वापसी करने के इरादे से उतर रही है। लगातार दो हार के बावजूद सुपरकिंग्स की टीम पर दबाव बहुत बढ रहा है। लेकिन प्रबंधन टीम की कमजोरियों का हल निकालने की कोशिश कर रहा है। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और प्रतिभावान रचिन रविंद्र को अपने खेल में सुधार करते हुए सुपरकिंग्स को पावर प्ले में अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी है। गायकवाड़ 118.91 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाए हैं जबकि रविंद्र पिछले दो मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। दूसरी तरफ कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं।



(पेज 7 भी देखें।)

**मेट्रो एंकर** | ग्रेड इंडियन बस्टर्ड को बचाने व सौर उर्जा उत्पादन लक्ष्य के बीच संतुलान साधा

# पहली बार क्लाइमेट व इकोलॉजी साधने वाला फैसला!

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

इस समय पूरी दुनिया ने जलवायु परिवर्तन के खतरों को भांप लिया है और मान भी लिया है। लिहाजा 2070 तक 'जीरो उत्सर्जन' हासिल करने के लक्ष्य के भारत की अंतरराष्टीय प्रतिबद्धता का समर्थन किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी पहली बार क्लाइमेट और इकॉलजी के बीच संतुलन साधने वाला आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कोयले और गैस से चलने वाले बिजली उत्पादन के बदलाव और लगभग खत्म हो चुके ग्रेट इंडियन बस्टर्ड पक्षी की रक्षा के बीच संतुलन बनाया है। ग्रेट इंडियन बस्टर्ड पक्षी को गोडावण भी कहा जाता है, जो राजस्थान में पाए जाते हैं। जजों ने अप्रैल 2019 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया, वह आदेश राजस्थान और गुजरात में 90,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बिजली ट्रांसमिशन लाइनों पर रोक लगाता था। यह रोक सौर ऊर्जा उत्पादन को काफी कम कर देता था और 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को 450 गीगावॉट तक बढ़ाने के भारत के लक्ष्य को खतरे में डाल सकता था।





### क्या है नया फैसला?

अब, सुप्रीम कोर्ट ने ग्रेट इंडियन बस्टर्ड पक्षी के 13,000 वर्ग किलोमीटर के मुख्य आवास को छोड़कर, 77000 वर्ग किलोमीटर में बिजली ट्रांसमिशन लाइनों पर लगी रोक हटी है। इसके अनुसार, नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने और पक्षियों की सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने पर केंद्रित था। बिजली के तारों से टकराने से ज्यादातर गोडावण पक्षी मर जाते हैं, इसलिए पर्यावरणविद एम. के. रंजीतसिंह की दलीलों के आधार पर हाई वोल्टेज तारों पर रोक लगाई गई थी।

### जांच के लिए बनी एक्सपर्ट कमेटी

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने इस मुद्दे की पूरी जांच के लिए सात सदस्यों की एक नई एक्सपर्ट कमिटी बनाई है। यह कमिटी 31 जुलाई तक सरकार के माध्यम से अदालत को रिपोर्ट सौंपेगी। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी की दलीलों को स्वीकार करते हुए, पीठ ने कहा कि, 'भारत की खासकर गुजरात और राजस्थान जैसे क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता, उसके व्यापक सतत विकास लक्ष्यों के साथ जुड़ती है।'

# यादों के रंगों से खेली...

## एमवीएम के पूर्व छात्रों का तीन क्विंटल फूलों से होली मिलन





**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में विभिन्न स्थानों पर होली का खुमार बाकी है। शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन द्वारा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में रविवार को पूर्व छात्र छात्राओं ने तीन क्विंटल रंग बिरंगे फूलों के साथ जमकर होली खेली। शोले के गब्बर सिंह के डायलॉग ÷होली की कब है की थींम पर आधारित होली मिलन समारोह में लगभग 3 क्विंटल रंग बिरंगे फूलों से पूर्व विद्यार्थियों ने होली खेली । साथ ही रंग बरसे भीगे चुनरवा.... होली खेले रघुवीरा अवध में.....होली के दिन दिल खिल जाते है... आज न खेलेंगे बस हम होली.... आदि मधुर होली के गीतों पर पूर्व विद्यार्थी जमकर थिरकें। प्रारंभ में कार्यक्रम में पहुंचने पर पूर्व विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया । कार्यक्रम में होली पर आधारित फिल्मी गानों की प्रस्तुति हुई ।पूर्व विद्यार्थियों पर फूल भी बरसाएं जा रहे थे। इस आयोजन में कॉलेज से निकले अनेक प्राध्यापक,शासन एवं पुलिस के अधिकारी, राजनेता, समाज सेवी, व्यवसायी पूर्व विद्यार्थी के रूप में शामिल हुए। सभी ने कॉलेज के दिनों की पुरानी यादों को ताजा किया और हंसते मुस्कुराते वही पुराने अंदाज में एक दूसरे के हाल जाने ।आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व छात्र रविशंकर पांडे ने बताया कि जब वे हॉस्टल में रहकर पढ़ते थे तो कई कई दिन छात्रों के चेहरे से होली का रंग ही नही उतरता था।गोखले और मालवीय हॉस्टल में जमकर होली खेली जाती थी। पूर्व छात्र आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने 1985- 86 में एमएससी की, उस दौरान हम सहपाठियों के घर होली खेलने जाते और पकवानों का लुफ्त उठाते। प्रारंभ में एमवीएम पूर्व विद्यार्थी संगठन के अध्यक्ष सतीश रायजादा ने सभी पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए बताया कि संगठन द्वारा होली मिलन कार्यक्रम 2017 से आयोजित किया जा रहा है। होली मिलन का मौका सभी पूर्व छात्रों को वर्षों बाद एक दूसरे का मिलने का मौका देता है । उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में महाविद्यालय से पढ़कर निकले उच्च पदों पर आसीन और विभिन्न क्षेत्रो में अपनी सेवाएं दे रहे अथवा या सेवानिवृत हो चुके पूर्व विद्यार्थी भाग लेते आए हैं । कार्यक्रम में लगभग 400 से विद्याथी सम्मिलित हुए । होली मिलन के इस कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष सतीश रायजादा, संयोजक उपेन्द्र सिंह तोमर ,डा. उमेश मिश्रा, विनय सेंगर, प्रवीण तमोट,स्वाति सिंह नीता मेहता,रेखा श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, अनुभा श्रीवास्तव, अभिषेक द्विवेदी के अलावा पूर्व छात्र विनोद पाराशर, शेखर दुबे, राजेंद्र त्रिपाठी, आदि उपस्थित थे।

## एकता व ब्राह्मण समाज का फाग उत्सव व होली मिलन



शिवाजी नगर में एकता सोसाइटी में महिलाओं ने गुलाल व पलाश के फूलों से होली मिलन आयोजित किया, इस दौरान सीमा मिश्र के गीत व काव्यपाठ, मीरा असाटी व स्मृति सोनी की नृत्य प्रस्तुतियां, कुसुम बघेल व आकांक्षा के होली गीत व लतीफे सराहे गए। बच्चों की भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई। नागर ब्राह्मण कार्यसमिति में नव नियुक्त सांस्कृतिक सचिव एवं भोपाल नागर ब्राह्मण समाज की सांस्कृतिक सचिव तृप्ता रावल ने सुजाता व्यास,कल्पना मेहता,दिव्या मेहता के सहयोग से



महिलाओं ने फूलो एवं गुलाल के साथ रंगभरे और संगीत मय माहोल में फाग उत्सव, होली/रंगपंचमी मिलन का आयोजन शक्ती नगर मे किया।

## कमला नेहरू अस्पताल में मिलेगी एडवांस कार्डियक सेंटर की सुविधा, प्रस्ताव को मंजूरी

### एक ही छत के नीचे हृदय से जुड़ी सर्जरी से लेकर परामर्श तक की सुविधा मिलेगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के कमला नेहरू अस्पताल में जल्द ही एडवांस कार्डियक सेंटर की सुविधा मिलेगी। इससे यहां पहुंचने वाले मरीजों को एक ही छत के नीचे हृदय से जुड़ी सर्जरी से लेकर परामर्श तक की सुविधा मिलेगी। विभाग से जुड़ी सभी सुविधाएं एक स्थान पर होंगी तो इसका लाभ मरीजों को होगा। उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा। इसी को देखते हुए यह योजना तैयार की गई है। वर्तमान कैथ लैब में रोजाना तीन से चार सर्जरी होती हैं। ऐसे में मरीजों को परेशानी न हो, इसको लेकर शिफ्टिंग के लिए योजना बनाना अभी बाकी है। हालांकि इसकी शिफ्टिंग में करीब 5 माह का समय लग सकता है। वहीं पूरे विभाग को शिफ्ट करने में यह समय बढ़ सकता है।

**पांच प्रस्ताव हुए तैयार, अब 5वें को हरी झंडी:** कमला नेहरू अस्पताल में एडवांस कार्डियक सेंटर बनाने की तैयारी की जा रही है। गांधी मेडिकल कालेज ( जीएमसी ) प्रबंधन ने इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को प्रस्ताव भेज दिया है। हालांकि इसके पहले भी चार प्रस्ताव बनाए गए थे। सबसे पहले कैथ लैब को हमीदिया अस्पताल की नई बिल्डिंग के तीसरे माले पर शिफ्ट करने का विचार था, लेकिन इंजीनियरों ने यहां इसकी मंजूरी नहीं दी। इसके बाद मौजूदा स्थान पर जहां कैथ लैब है, उसे वहीं रहने देने और रैंप के जरिये नया रास्ता बनाने की बात कही गई, लेकिन इस पर विभाग तैयार नहीं हुआ। तीसरे प्रस्ताव में इमरजेंसी एंड ट्रामा बिल्डिंग को खाली कर पूरा हृदय रोग विभाग एक जगह ही करने की बात कही गई। इसके बाद कमला नेहरू अस्पताल में कैथ लैब को शिफ्ट करने की योजना तैयार हुई। अब पांचवें प्रस्ताव के तहत कैथ लैब समेत पूरे हृदय रोग विभाग को शिफ्ट करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

## स्कूली वाहनों की किराए में मनमानी, समान दूरी के लिए अलग-अलग फीस वसूल रहे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश भर में निजी स्कूलों की मनमानी जारी है। शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ निजी स्कूलों की मनमानी की शिकायत भी बड़ी संख्या में शासन प्रशासन के पास पहुंच रही है। शैक्षणिक सामग्री को लेकर जिला प्रशासन द्वारा गाइडलाइन जारी की गई है। इसी बीच अब स्कूली वाहनों के किराए में मनमानी बढ़ोतरी करने के मामले भी सामने आ रहे हैं। अभिभावक बस और वैन से बच्चों को स्कूल भेजने लगे हैं। राजधानी के निजी स्कूल जिनकी अपनी बसें हैं, वे समान दूरी के लिए अलग-अलग फीस वसूल रहे हैं। वहीं इस साल 100 से 500 रुपये तक की वृद्धि की दी है। इससे अभिभावक परेशान हैं। जबकि हाल में पेट्रोल व डीजल के दाम दो रुपये कम हुए हैं। पालक महासंघ का कहना है कि निजी स्कूल समान दूरी के लिए अलग-अलग शुल्क वसूल रहे हैं। साथ ही परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण स्कूल बस व वैन संचालक सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहे हैं।



### किराया तय हुए साढ़े चार साल, लेकिन लागू नहीं

स्कूल बसों का किराया तय हुए साढ़े चार साल हो गए, लेकिन जिला प्रशासन अब तक लागू नहीं करा सका है। इस कारण वैन व बस संचालक मनमाना किराया वसूल रहे हैं। जिसका काम है आज अभिभावकों को भुगतना पड़ रहा है। बता दें, कि फीस नियामक कानून 2020 में लागू होने के बाद स्कूल प्रशासन अपने मन से बस किराया में बढ़ोत्तरी नहीं कर सकते हैं। बल्कि बस किराये का निर्धारण स्कूल शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग मिलकर करेंगे।




भोपाल के सेंट जोसेफ कॉलेज स्कूल में ईस्टर पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

## मातृ-पितृ वर्षगांठ पर 108 आहुति का हवन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

बजरंग सेना समिति के कार्यकर्ताओं ने अपने मातृ पितृ वर्षगाठ एवं मासिक शिवरात्रि के पर रविवार को राम नाम 108 आहुति डाली। हवन का आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने किया था। पंडित राजकुमार गर्ग के मंत्रोच्चारण के बीच कार्यकर्ताओं ने मातृ पितृ को स्वागत किया।

इसके बाद 23 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता ने अपनी अपनी कार्य के प्रति जिम्मेदारियां ली। देवानी ने बताया 23 अप्रैल को सायं 7 बजे से 9 बजे तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद नृत्य, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ होगा।

हवन में बजरंग सेना समिति के रुप कुमार सोनी,प्रभु मूलचंदानी, राज बिजोरिया, जीतू शिवनानी, राजेश केवलानी, सचिव गुरदास रामचंदानी, हरीश कुमार देवानी, राधा देवानी, वासु देवानी, मानसी देवानी, मानव देवानी उपस्थित थे।

## कर्मश्री : हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर आतिशबाजी, गुड़ी पड़वा पर महा-आरती

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सालभर धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन कराने वाली कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष विधायक रामेश्वर शर्मा ने रविवार को जैन मंदिर, अटल पथ पर कर्मश्री सदस्यों के साथ बैठक की। विधायक ने आगामी 9 अप्रैल गुढ़ी पड़वा को होने वाले हिन्दू नववर्ष आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा की। हिन्दू नववर्ष की कार्ययोजना को लेकर आयोजित इस बैठक में गुफा मंदिर के महंत श्री श्री 1008 रामप्रवेश दास जी महाराज, महंत अलिनानंद जी महाराज, ज्ञानी दिलीप सिंह जी, गोविंद गोयल, सहित अन्य संत महात्मा उपस्थित रहे।

नववर्ष की पूर्व संध्या पर भोपाल के रौशनपुरा चौराहे पर भव्य आतिशबाजी की जाएगी तथा नववर्ष की प्रथम संध्या पर मालवीय नगर के युवा सदन पर प्रभु श्री रामलला जी की महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। महाआरती 09 अप्रैल को शाम 06 बजे प्रारंभ होगी



जिसमें शहर के गणमान्य लोगों के साथ आमजन परिवार सहित शामिल हो सकेंगे। 8 अप्रैल को पूर्व संध्या पर भी नववर्ष के आगमन और अभिनंदन के लिए विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा भोपाल के रौशनपुरा चौराहे पर भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया रखा गया है। पूर्व संध्या पर होने वाली यह आतिशबाजी सोमवार शाम 6.30 बजे प्रारंभ ओगी।

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि - यह हमारे लिए बड़े सौभाग्य और गौरव का पल है कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्रीराम जी के भव्य मंदिर में विराजमान के बाद पहली बार हिन्दू नववर्ष मनाया जा रहा है। ये नववर्ष रामजी के आगमन की खुशी का नववर्ष है। इसलिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर नववर्ष का उत्सव मनाएं। उन्होंने कहा कि हिन्दू नववर्ष सृष्टि के आरंभ दिवस पर मनाया जाता है। सृष्टि का आरंभ ही नव-वर्ष है। इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर सभी को बधाई दें।

## सिंधी छेज पर खूब नाचे निर्मल नर्सरी के रहवासी

### विधायक रामेश्वर, संत लालसाईं भी थिरके



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

निर्मल नर्सरी विकास समिति संतनगर द्वारा चेट्रीचंड की पूर्व संध्या पर संस्कार स्कूल में पारिवारिक उत्सव का आयोजन किया, जो बहिराणा साहिब, सिंधी छेज़ के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामेश्वर शर्मा, वेदांत संत लाल सांई थे। शर्मा ने सिंधी समाज को पर्व की शुभकामनाएं दीं। संत लाल सांई ने अपने गीतों से सबको थिरकने को मजबूर किया। बसंत चेलान ने कहा कि कार्यक्रम बहुत अद्भुत रहा और शायद ही शहर में इतना अच्छा कार्यक्रम होता है। ओजस्वनी महिला ग्रुप ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। निर्मल नर्सरी के परिवारों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

**मेट्रो एंकर**

### चैतीचांद पर सिधु सेना का यादगार कार्यक्रम

## जतिन उदासी के लाइव कॉन्सेप्ट में झूम उठे युवा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी समाज के अंतरराष्ट्रीय युवा गायक जतिन उदासी मुंबई का लाइव सिंगिंग कॉन्सेप्ट शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जूनियर अमिताब बच्चन के डांस के साथ हुई।

उसके बाद जिसमें उदासी ने अपनी सुरीली आवाज़ में एक से एक सिंधी गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम इस एक शाम सिंधियत के नाम कार्यक्रम का समा बांध दिया। इस अवसर पर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी आलोक शर्मा में विशेष रूप से उपस्थित थे, उन्होंने सिंधी समाज के लोगों के भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेतीचंड की सभी लोगों को शुभकामनायें प्रेषित की, इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि अक्सर सिंधी समाज के लोगों को व्यापार करते हुए देखा है परंतु आज पहली बार सिंधी समाज के अंतर्राष्ट्रीय गायक जतिन उदासी के गीतों पर हज़ारो की संख्या में थिरकते हुए पहली बार देखा है, में सिंधु सेना के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा व समस्त सिंधु सेना के साथियों को एक ऐतिहासिक सफल कार्यक्रम की बधाइयाँ देता हूँ।



कार्यक्रम में चन्दर लालचंदानी ने कहा आज जिस संख्या में युवा यहाँ अपनी भाषा, संस्कृति को देखने के लिए इकट्ठा हुए हैं, वह प्रशंसनीय है, निश्चित ही समाज में इस तरह के आयोजन आगे भी मील का पथर साबित होंगे।

सिंधु सेना के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने इस लाइव कॉन्सेप्ट के आयोजन के बारे में बताया कि सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल के जन्मोत्सव के अवसर पर यह आयोजन किया जा रहा है जिसमें उदासी के सिंगिंग कॉन्सेप्ट के साथ जूनियर अमिताब बच्चन व अहमदाबाद के कलाकार जैकी वाधवानी जो मेंकी मेन के नाम से जाने जाते है उन्होंने भी इस स्वागत गार्डन में एक से एक प्रस्तुति देकर इस शाम को और भी सुंदर बना दिया। साथ ही फूड जोन बनाया गया था, इसके अलावा दर्शकों की सुविधा और लाइव कॉन्सेप्ट में आने वाली भीड़ को को देखते हुए इवेंट स्थल के अंतिम छोर पर बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई थी।



पीएम नरेंद्र मोदी ने बीती रात जबलपुर में बड़ा रोड शो किया। उन्हें देखने काफी भीड़ उमड़ी।

# एक कर्मचारी की दो जगह चुनाव ड्यूटी, रिटायरमेंट नजदीक वालों से भी काम

## कई जिलों में चुनाव ड्यूटी लगाने को लेकर गड़बड़ी आ रही सामने




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही चुनाव ड्यूटी लगाने में की जाने वाली गड़बड़ियां भी सामने आ रही है। हाल ही है कि एक कर्मचारी की एक ही समय में दो जगह चुनाव ड्यूटी लगाई जा रही है तो वहीं जिन अधिकारी कर्मचारियों के रिटायरमेंट के 6 महीने या उससे कम समय बचे हैं, उनसे भी सीधे चुनाव से जुड़े काम लिए जा रहे हैं। कुछ जिलों में तो राजनीति से वास्ता रखने वाले अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी है। भोपाल, बैतूल समेत प्रदेश की दूसरे लोकसभा क्षेत्रों से इस तरह की शिकायतें निकलकर सामने आ रही है।

### चुनाव ड्यूटी पर मौत पर कर्मचारियों को दें एक करोड़

मप्र कर्मचारी मंच ने देश के मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर मांग की है कि चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर एक करोड रुपए की अनुग्रह स्वीकृत की जाए। अभी राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग ने चुनाव ड्यूटी दौरान कर्मचारियों के गंभीर रूप से घायल होने पर 7-50 लाख विकलांगता होने पर 15 लाख एवं मृत्यु होने पर 30 लख रुपए अनुग्रह स्वीकृत करी है जोकि ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। मंच के अध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा है कि निर्वाचन आयोग ने कर्मचारी की मौत पर जो राशि मंजूर की हैं वह कर्मचारियों जीवन का अपमान है जबकि पुलिस विभाग में भी कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर एक करोड रुपए अनुग्रह राशि स्वीकृत की जाती है।



### भोपाल- 100 से अधिक कर्मचारियों की एक ही समय में दो जगह ड्यूटी

भोपाल लोकसभा क्षेत्र के तहत 100 से अधिक अधिकारी, कर्मचारियों की एक ही समय में दो-दो जगह ड्यूटी लगा दी है। ये वन विभाग के हैं। जिन्हें पहले ही हाईकोर्ट व आयोग ने ड्यूटी से छूट दिए जाने के निर्देश दिए थे। तब भी जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल ने भोपाल वन मंडल के वन अधिकारी, कर्मचारियों को पीठासीन अधिकारी, पी-1, पी-2 व पी-3 के रूप में चुनाव ड्यूटी में लगाया है। 26 मार्च को ड्यूटी लगाई थी। इन्हीं अधिकारी, कर्मचारियों की पुलिस आयुक्त कार्यालय से ड्यूटी लगाते हुए इन्हें विशेष पुलिस की जिम्मेदारी दे दी। जबकि कलेक्टर व पुलिस आयुक्त दोनों ही वन अधिकारी, कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी नहीं लगा सकते। हाईकोर्ट एक याचिका के आधार पर मार्च 2024 में इन्हें ड्यूटी से छूट दे चुका था। आयोग ने सभी कलेक्टरों को पत्र भी लिखा था।

### इधर, कम मतदान वाले क्षेत्रों पर आयोग चौकस

निर्वाचन आयोग इन दिनों उन क्षेत्रों को लेकर फिक्रमंद है जहां कम मतदान होता आया है। इसीलिये आयोग ने नगर निगम आयुक्तों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिये हैं।कम मतदान प्रतिशत वाले देश के कुल 266 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों (215 ग्रामीण और 51 शहरी) की पहचान की गई है। मप्र में विगत विधानसभा निर्वाचन में 26 जिलों के 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम था, वहां मतदाता जागरुकता वाहन के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है।निर्देशों में कहा गया है कि मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को एक अभियान के रूप में संचालित करें, जिससे मतदाता मतदान करने के लिये स्वयं प्रेरित हों। नई दिल्ली में आज 'मतदान में कम सहभागिता विषय पर सम्मेलन' में प्रमुख शहरों के नगर निगम आयुक्तों और कुछ जिला निर्वाचन अधिकारियों ने मतदाता भागीदारी बढ़ाने की दिशा में अतिरिक्त प्रयास करने के लिए एक साथ विचार-विमर्श किया।

### 18 साल बाद कोई कसर नहीं छोड़ूंगा... शिवराज @ भोजपुर

भोपाल पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा लोकसभा की भोजपुर विधानसभा के औबेदुल्लागंज में रोड शो कर कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कहा कि, सौ साल पहले स्वामी विवेकानंद ने कहा कि, सुदीर्घ रजनी समाप्त हुई जान पड़ती है, महानिशा का अंत निकट है, जो अंधे हैं वो देख नहीं सकते, जो बहरे हैं वो सुन नहीं सकते, लेकिन मैं स्पष्ट रूप से देख रहा हूं कि भारत माता एक बार फिर अंगड़ाई लेकर खड़ी हो रही है और विश्व गुरु के पद पर अधिष्ठित हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि, 18 साल बाद मुझे फिर से इस माटी की सेवा का सौभाग्य मिला है, मैं बहुत प्रसन्न हूं। मैं विदिशा संसदीय क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोडूंगा।

### कांग्रेस बेशर्म है... मुख्यमंत्री @राजगढ़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजगढ़ एवं सारंगपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से देश में धर्म को बांटने की राजनीति की है। कांग्रेस ने धर्म के आधार पर राजनीति करके लोगों के दिलों में एक-दूसरे के खिलाफ नफरतें भरी हैं। बेशर्म हैं कांग्रेस के लोग, जो वोट मांगने भी आ जाते हैं। जो लोग हम सबके आराध्य भगवान श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में भी नहीं जा पाए, वे लोग क्या देश और देशवासियों का भला करेंगे। अब ऐसे लोगों को सबक सिखाने का समय आ गया है। यादव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश-प्रदेश ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। हर तरफ विकास ही विकास नजर आता है। यादव के साथ विश्वास सारंग और रोडमल नागर भी थे।

### बैतूल- एडीएम, एसडीओपी को हटाया तो कोर्ट से स्टे लेकर आए, चुनावी काम कर रहे

आयोग के सख्त निर्देश है कि जिन अधिकारी, कर्मचारियों के रिटायरमेंट के 6 महीने बाकी है, उन्हें चुनाव ड्यूटी से छूट दी जाए। सीधे चुनाव से जुड़े काम न लिए जाए। इस आधार पर बैतूल में एडीएम जेपी सैयाम व मुलताई एसडीओपी एसपी सिंह का तबादला किया। दोनों ने हाईकोर्ट से स्टे ले लिया और फिर चुनाव से जुड़े कामकाज करने लगे। हाल ही में आयोग ने अपने इसी आदेश का दोबारा याद दिलाया है।

### पहले प्रशिक्षण दिलाया, फिर चुनाव ड्यूटी से हटाया

इधर सीहोर, खंडवा समेत कई जिलों में हजारों कर्मचारियों को पहले चुनाव ड्यूटी का प्रशिक्षण दिलवाया गया। फिर इन कर्मचारियों को एक संधोशित आदेश जारी करके ड्यूटी से अलग करने के निर्देश दिए गए। अभी भी कई जिलों में इस तरह का घटनाक्रम चल रहा है। इस तरह की स्थिति वन अधिकारी, कर्मचारियों के मामले में बनी है।



अपने संसदीय क्षेत्र खजुराहो में महिला मतदाताओं के बीच भाजपा अध्यक्ष व उम्मीदवार वीडी शर्मा की मुद्रा



भोजपुर में चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान।

**मेट्रो एंकर** 90 फीसदी विद्यार्थी का सवाल- कब आएगा रिजल्ट, बेस्ट फाइव पर भी पूछे सवाल

# माशिमं: 10वीं 12वीं के विद्यार्थियों को रिजल्ट का इंतजार, हेल्पलाइन पर कॉल संख्या हुई दोगुनी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन होने के बाद अब रिजल्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रदेशभर के करीब 18 लाख विद्यार्थियों को अपने परीक्षा परिणाम का बेसब्री से इंतजार है। बताया जा रहा है कि माशिमं दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम अप्रैल के तीसरे सप्ताह तक जारी कर सकता है। ऐसे में माशिमं की हेल्पलाइन 18002330175 पर आने वाले कॉल्स की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। इसमें करीब 90 प्रतिशत विद्यार्थी का एक ही सवाल है, कि परीक्षा परिणाम कब जाएंगे। 12वीं के विद्यार्थी पूछ रहे हैं कि इस बार भी मेरिट में आने पर स्कूटी या लैपटॉप दिया जाएगा। जबकि 10वीं के अधिकतर विद्यार्थी पूछ रहे हैं कि बेस्ट आफ फाइव योजना लागू है कि नहीं। वहीं कई विद्यार्थियों ने तनाव रहित रहने सहित अन्य विषयों पर भी सवाल पूछे हैं।




**हर दिन 400 से 500 कॉल:** माशिमं की हेल्पलाइन में 18 काउंसलर सुबह आठ से रात के आठ बजे तक विद्यार्थियों की काउंसलिंग के लिए उपलब्ध हैं। टोल फ्री नंबर पर विद्यार्थी काउंसलर से सलाह ले सकते हैं। परिणाम को लेकर माशिम की हेल्पलाइन पर फोन की संख्या दोगुनी हो गई है। हर दिन 400-500 फोन आ रहे हैं। जनवरी से लेकर अब तक करीब 35 हजार काल आ चुके हैं।

### मैनिट के 65 स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट में चयन, 24 लाख तक का मिल सकता है पैकेज

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में स्नातक बैच के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 140 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इनमें से 65 विद्यार्थियों का चयन इंटरव्यू के दौरान किया। विभिन्न बैंकिंग कंपनियों ने फाइनल ईयर के कुल 35 छात्रों का प्लेसमेंट के लिए और प्री-फाइनल वर्ष के लगभग 30 छात्रों का इंटर्नशिप के लिए चयन किया है। वैल्स फार्म और गोल्ड मैन ने 24-24 लाख रुपए के पैकेज पर 7-7 छात्रों का चयन किया। बड़ी कंपनियों में से एक पाइन लैब्स ने 22 लाख रुपए के पैकेज पर और ब्लैक रॉक और पिरामल ने 12-12 लाख रुपए के पैकेज पर मैनिट से छात्रों का चयन किया। कई भारतीय बैंक जैसे एसबीआई, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक आदि ने भी प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया।



## सुविचार

खुद में झांकने के लिए
जिगर चाहिए
वरना दूसरों की शिनाख्त में
तो हर शख्स माहिर है।
-अज्ञात

## संपादकीय

# बेकाबू महंगाई और बैंक के जतन

महंगाई एक ऐसा कुचक्र है जिसमें जनता लंबे समय से फंसती चली जा रही है। सोना चांदी तो छोडिये, दूध फल सब्जी और अंडे के दाम उस मुकाम पर हैं, जहां कल्पना नहीं की गई थी। इसीलिये रिजर्व बैंक के तमाम आशावाद पर भी भारी पड़ रही है। हाल में सातवीं बार भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति में कोई बदलाव करने से परहेज किया है। यानि करीब डेढ दो साल से एक जैसी स्थिति। बैंक ने रेपो दर को 6.5 फीसद पर यथावत बनाए रखा है। ऐसा महंगाई पर काबू पाने के मकसद से किया गया है। अपने आशावादी नजरिये और कुछ प्रयासों के हवाले से रिजर्व बैंक ने फिर कहा है कि चालू वित्तवर्ष में महंगाई की दर घट कर 4.5 फीसद पर आ जाएगी। पिछले वर्ष इसके 5.4 फीसद रहने का अनुमान लगाया गया था। अब भी महंगाई काबू में नहीं आ रही। थोक और खुदरा महंगाई तथा विकास दर में कोई तार्किक संतुलन नजर नहीं आता। खुदरा वस्तुओं में फल और सब्जियों के दाम उस मौसम में भी ऊंचे देखे गए, जब बाजार में नई फसल की आवक बढ़ जाती है। इस समय भी बाजार में आलू, प्याज, टमाटर जैसी रोजमर्रा इस्तेमाल की सब्जियों की कीमत बाईस से चालीस फीसद तक बढ़ी हुई है, जबकि इस वक्त इनकी नई फसल बाजार में आती है। दाल, चावल, आटे जैसी चीजों की कीमतें भी आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। जाहिर है इन हालातो में रिजर्व बैंक रेपो दर में बदलाव करके किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहेगा, रेपो दर ऊंची रहने पर बाजार में पूंजी का प्रवाह काबू में रहता है, इस तरह महंगाई पर भी अंकुश संभव हो पाता है। मगर इससे घर, वाहन, कारोबार आदि के लिए कर्ज लेने वालों पर ब्याज का बोझ बढ़ जाता है। मकान एक ऐसा सपना है जो मध्यमवर्ग अपनी आयु के चौथे और पांचवे दशक तक पूरा कर लेना चाहता है,ताकि ब्याज व किस्त आदि समय रहते चुका सके। लेकिन लोन महंगे और भवन निर्माण सामग्री के भाव आसमान पर हैं। दूसरी तरफ उद्योग जगत लंबे समय से उम्मीद लगाए बैठा है कि रेपो दर में कमी आए, तो उन्हें कारोबार के लिए कर्ज पर कम बोझ उठाना पड़े। मगर महंगाई की मार ने रिजर्व बैंक को ऐसा कोई फैसला करने से रोक रखा है। मगर केवल रेपो दर ऊंची रख कर महंगाई पर काबू पाने का फार्मूला कहां तक कारगर साबित होगा, कहना मुश्किल है। महंगाई के लिए जिम्मेदार पेट्रोल-डीजल की कीमतें, खेती में बढ़ती लागत, उद्योगों में उत्पादन लागत आदि पर काबू पाए बिना महंगाई पर लगाम कसना कठिन ही बना रहेगा। फिर, लोगों की क्रयशक्ति घटने से महंगाई की मार आम लोगों पर बहुत भारी पड़ रही है, तिस पर रोजगार का संकट भी गहराया हुआ है। आंकडे बताते हैं कि बीते चालीस साल में बेरोजगार की दर अपने चरम पर है। वहीं एक सर्वे रिपोर्ट बता रही है कि हर सौ बेरोजगारों में तिरासी फीसद शिक्षित युवा हैं। ऐसी विचित्र स्थिति है कि रोज सुना जाता है कि शेयर बाजार ऊंचाई पर है, बड़े उद्योगपति और रईस होते जा रहे हैं और आम उपभोग की चीजें महंगी है तथा उनकी खरीदारी भी नहीं बढ रही है, यह बताता है कि महंगाई और बेरोजगारी ने किस तरह से अपना शिकंजा कस रखा है।

## आज का इतिहास

- 1667-मुगल बादशाह औरंगजेब ने सभी हिन्दू स्कूलों और मंदिरों को ध्वस्त करने का आदेश दिया।
- 1756-बंगाल के नवाब अली बर्दी खान का 80 साल की आयु में निधन।
- 1860-पहली बार मनुष्य की आवाज़ का अंकन किया गया।
- 1893-हिन्दी के एक प्रमुख साहित्यकार राहुल सांकृत्यायन का जन्म।
- 1933-कन्नड़ सिनेमा की प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री प्रतिमा देवी का जन्म।
- 1948 -भारतीय फिल्म अभिनेत्री जया बच्चन का जन्म।
- 1965-कच्छ के रन में भारत-पाक में युद्ध छिड़ा।
- 1981-प्रथम महिला नेता दुर्गाबाई देशमुख का निधन।
- 1988-ली पेंग चीन के प्रधानमंत्री बने।
- 1989-एशिया की पहली सम्पूर्ण भूमिगत संजय जलविद्युत परियोजना शुरू की गयी।
- 1998-सऊदी अरब में मीना के पास भगदड़ में 150 से अधिक यात्रियों की मृत्यु।
- 1999-नाइजर के राष्ट्रपति इब्राहिम बारे मैनसारा की हत्या, खालसा पंथ की त्रिशती पर विशेष डाक टिकट जारी।
- 2002-बहरीन में निगम चुनाव में महिलाओं को भी भाग लेने की छूट मिली।
- 2003-स्टीव वॉ सर्वाधिक टेस्ट (157) खेलने वाले खिलाड़ी बने।
- 2004-ईराक में संघर्ष तेज़ अमेरिकी काफ़लि पर हमले में 9 लोगों की मृत्यु।
- 2004-पुर्तग़ाल के सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के कई आपराधिक मामलों में वांछित माफिया सरगना अबू सलेम के भारत प्रत्यर्पण सम्बन्धी आदेश की पुनः समीक्षा करने को कहा।
- 2005-ब्रिटेन के युवराज चार्ल्स का विवाह कैमिला के साथ सम्पन्न।
- 2006-यूरेनस ग्रह के चारों ओर शनि जैसा वलय होने की पुष्टि। पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ ने 2007 के चुनावों के बाद भी अपने पद बने रहने की घोषणा की।
- 2008-उत्तर प्रदेश सरकार ने दलिया व कॉपियों समेत डेढ़ दर्जन वस्तुओं को वैट से मुक्त किया।
- 2009-प्रसिद्ध फ़्ल्मि निर्माता एवं निर्देशक शक्ति सामंत का निधन।
- 2010-जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में अंतर ज़िला भर्तियों पर पाबंदी लगाए जाने संबंधी विवादित विधेयक पारित हो गया।
- 2011-सरकार द्वारा लोकपाल कानून बनाने की मांग मान लेने के बाद अन्ना हजारे ने 95 घंटे से जारी अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया।

## निशाना

### मच गई है रार!



- कृष्णेन्द्र राय

हो रहा इस्तीफा ।
मच गई है रार ।।
लगता मनमुताबिक ।
ना मिला उपहार ।।
शुरू हो गया सिलसिला ।
ना अब थमने वाला ।।
लौटे शायद कुछ का ।
जल्द ही उजाला ।।
शह मात का खेल ये ।
लाएगा बहार ।।
फिर भविष्य धीरे धीरे ।
ले रहा आकार ।।
आ रही वो बेला ।
है जाना मैदान ।।
जानबूझकर घटनाक्रम ।
ना कोई नादान ।।

# चुनावी राजनीति में पूर्णिया से पुणे तक परिवारों में वर्चस्व की दिलचस्प लड़ाई

**आलोक मेहता**



लोक सभा चुनाव में इस बार प्रतिपक्ष के विभिन्न दलों के अस्तित्व के साथ प्रदेश अथवा राष्ट्रीय स्तर पर प्रभुत्व के लिए 'पप्पू 'की दिलचस्प लड़ाई देखने को मिल रही है। सामान्यतः भारतीय परिवारों में छोटे और प्यारे बच्चों को पप्पू पुकारा जाता रहा है। यों इस शब्द को लेकर फ़िल्में बनी हैं। केटबरी चॉकलेट निर्माता कंपनी ने अपने लोकप्रिय विज्ञापन 'पप्पू पास हो गया' से करोड़ों रूपये कमाए। फिर कुछ फिमेन भी बनी। लेकिन इसमें मनोरंजन के लिए भोले व्यक्ति को पप्पू के रुप में व्यंग्य की तरह पेश किया। चुनाव आयोग ने वोटिंग के प्रोत्साहन के लिए विज्ञापन में इसे व्यंग्य की तरह इस्तेमाल किया गया। इसलिए आजकल चुनाव राजनीति में पप्पू की बड़ी चर्चा है। दो नाम सबसे ऊपर हैं - बिहार के बाहुबली राजेश रंजन उ्र पप्पू यादव और कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी - जिन्हें राजनीतिक गलियारों के साथ विरोधी खेमे के समर्थकों द्वारा व्यंग्य में 'पप्पू 'के नाम से पुकारा जाता है। इसी तरह बिहार और देश की राजनीति के सर्वाधिक विवादास्पद दागी नेता लालू प्रसाद यादव अपने प्रिय 'पुत्र 'तेजस्वी को अपने बड़े उत्तराधिकारी और बिहार के भावी मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। लगभग यही स्थिति महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की है, जो शिव सेना के विभाजन और कांग्रेस से मज़बूरी में समझौते की कीमत पर भी अपने लाडले आदित्य ठाकरे को भावी मुख्यमंत्री बनवाने के सपने संजोकर जोड़ तोड़ कर रहे हैं। महाराष्ट्र में तो उद्धव ठाकरे के प्यारे पुत्र आदित्य और शरद पवार परिवार में प्यारी बेटी सुप्रिया सुले और परिजनों के लिए राहुल गाँधी के समर्थन को लेकर हास्य व्यंग्य सोशल मीडिया में चल रहे हैं।

फिर भी सबसे अधिक चर्चित और दिलचस्प खेल बिहार का है, जहाँ पप्पू यादव ने सुदूर पूर्णिया से पटना और दिल्ली के लाल किले तक की सत्ता को बेचैन किया हुआ है। इसमें कोई शक नहीं कि पप्पू यादव को लालू प्रसाद यादव और मुलायम सिंह यादव ने ही यादव और पिछड़ों तथा मुस्लिम मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए तैयार किया। पप्पू यादव का जन्म मधेपुरा जिले में 196। में हुआ था। पप्पू यादव एक जमींदार परिवार से आते हैं। उनके पास जमीन और संपत्ति की कमी नहीं थी। कॉलेज में जाने के बाद पप्पू यादव की पहचान दबंग के रूप में हो रही थी। उनकी दबंगई के चर्चे सीमांचल के कई जिलों में थे। बात 1980 के बाद की है. उसी वक्त लालू प्रसाद यादव भी अपनी राजनीतिक करियर चमकाने में लगे हुए थे। उस वक्त कॉलेज से निकलने के बाद पप्पू यादव ने लालू यादव का साथ दिया था और पप्पू यादव की दबंगई लालू यादव के काम आई थी। उस वक्त पप्पू यादव पर लालू यादव के लिए बूथ कैपचरिंग या फिर मत पेटियों को चुरा लेने का आरोप लगता था।

मैं स्वयं नव भारत टाइम्स के संपादक के रूप में 1988 से 1991 तक बिहार में रहा। इसलिए प्रदेश में कांग्रेस के अंतिम सत्ता काल से लालू यादव के मुख्यमंत्री बनने की घटनाओं का गवाह रहने के साथ वहां की राजनीति को समझने लिखने का लाभ भी पा रहा था। 1990 में निर्दलीय विधायक चुनकर आए थे। विधायक बनने के बाद पप्पू यादव का लक्ष्य लोकसभा था. यही कारण है कि उनकी दबंगई खत्म नहीं हुई और अगड़ी-पिछड़ी की लड़ाई करते रहे। वह दौर पप्पू यादव के लिए बहुत खास था। पप्पू यादव का भय सीमांचल में इस कदर था कि लोग उनका नाम लेने से भी डरते थे।



1990 में विधायक बनने के बाद पांच बार लोकसभा के सदस्य रहे। पहली बार 1991 में पूर्णिया से निर्दलीय चुनाव लड़े और जीत हासिल की। इसके बाद 1996 और 1999 में भी वह पूर्णिया से ही निर्दलीय सांसद बने। 2004 में लालू प्रसाद यादव ने उन्हें मधेपुरा से आरजेडी का टिकट दिया और वह चौथी बार जीते। लेकिन पप्पू यादव को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता अजीत सरकार की हत्या के मामले में 1। साल जेल में भी रहना पड़ा था। घटना 1998 की है। इसमें पप्पू यादव का नाम आया था। उस वक्त पप्पू यादव पूर्णिया लोकसभा सीट से सांसद हुआ करते थे। उम्र कैद की सजा भी उन्हें मिली। तब 2008 में उनकी सदस्यता रद्द हो गई। पप्पू यादव ने फैसले के खिलाफ पटना हाई कोर्ट में अपील की। इसके बाद 2013 में जाकर कोर्ट से उन्हें राहत मिली। सबूतों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया गया था। 2013 में पटना हाई कोर्ट से राहत मिलने के बाद पप्पू यादव फिर पांचवी बार 2014 में आरजेडी के टिकट से मधेपुरा से चुनाव लड़े और पांचवीं बार जीते। 2015 में तेजस्वी यादव की बयानबाजी के बाद वह खफा हो गए और आरजेडी से दूरी बनाकर अपनी 'जन अधिकार पार्टी' बनाई। 2019 में उन्होंने अपनी पार्टी से चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। 2013 में जेल से आने के बाद से ही पप्पू यादव का रुख बदल चुका था। जेल से लौटने के बाद पप्पू यादव अपनी छवि बनाने में लग गए। फिर उन्होंने अपने इलाके में लोगों की हर मुश्किल में सहायता करके मसीहा बनने का प्रयास शुरु किया। यही नहीं उन्होंने 'द्रोहकाल का पथिक ' शीर्षक से अपनी आत्म कथा प्रकाशित करवाकर दिल्ली में भव्य कार्यक्रम में इसे रिलीज करवाया। प्रसिद्ध फ़िल्मी निर्माता निदेशक मुज़फ्फर अली, नामी हिंदी लेखक आलोचक नामवर सिंह और राजेंद्र यादव इस कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि थे। राजेंद्र यादव ने तो इस आत्म कथा की भूमिका लिखकर प्रशंसा की थी। मतलब यह कि पप्पू यादव अपने बल पर लालू यादव की चुनौती के रुप में सामने आने लगे।

अब 2024 के लोक सभा चुनाव में पप्पू यादव भावुकता के साथ अपने संबंधों की दुहाई के बावजूद लालू यादव के दबाव को मानने को तैयार नहीं हुए। इस सन्दर्भ में पप्पू यादव द्वारा अपने अनुभवों के आधार पर दस साल पहले ही अपनी आत्म कथा में लालू यादव के बारे में लिखी बहुत तीखी बातें ध्यान दिलाना उचित लगता है। पप्पू यादव ने लिखा -'लालूजी ने अपने शासन काल में बिहार के मनुष्य की सुरक्षा और उनके सामाजिक सम्मान, आर्थिक विकास करने में भले ही कोई सोच नहीं राखी हो परन्तु यह तो साबित कर दिया कि रिश्तेदारों औरं सगे सम्बन्धियों को शासन के शीर्ष पर बैठकर सियासत के खेल में माहिर हैं। वंशवाद, परिवारवाद, व्यक्तिवाद में अत्याचारी ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में लालूजी का नाम सबसे ऊपर होगा। दुनिया के सबसे बड़े जागरूक और परिपक्व लोकतंत्र में पत्नी, भाई, साला, बेटा, बेटी सगे सम्बन्धियों को उत्तराधिकारी बनाने में लगे रहे। '

पप्पू यादव ने पिछले दिनों औपचारिक रुप से अपनी जेबी पार्टी को कांग्रेस में मिलाकर समर्पण कर दिया। लेकिन एक दशक पहले भी कांग्रेस द्वारा लालू प्रसाद यादव को केंद्र की सत्ता में भागेदारी देने का विरोध करते हुए अपनी किताब 'द्रोहकाल के पथिक ' में लिख दिया था - 'कांग्रेस के लिए कभी गाँधी, नेहरु, इंदिरा राजीव गांधी आदर्श हुआ करते थे, लेकिन अब लालू और राबड़ी आदर्श हों गए। लालू ने तो बिहार सरकार कि देख रेख के लिए किसी भी पार्टी को तोड़ने कि जिम्मेदारी अपने दोनों सालों और अन्य नेताओं को दे दी। धोखाधड़ी, बलात्कार, हत्या, अपहरण, फिरौती, वाहन चोरी और जबरन वसूली कर्मकांडों में वे सिद्धहस्त हो गए।' बहरहाल इस लोक सभा चुनाव में पप्पू यादव को लालू परिवार खासकर तेजस्वी यादव और गाँधी परिवार में राहुल गाँधी के मिले जुले राजनीतिक बारूद का सामना करना होगा। उधर उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के लिए कांग्रेस से आधे मन से समझौता किया है और किसी तरह राहुल गांधी को थोड़ा समर्थन दिया है, लेकिन वह पिता मुलायम सिंह की तरह पप्पू यादव को अपने आँगन में यादववादी प्रभाव दिखाने का अवसर नहीं दे सकते हैं। इसलिए लोक सभा चुनाव के बाद ही पप्पू और परिवारों के भविष्य की झलक देखने को मिलेगी।

**वरिष्ठ पत्रकार, पद्मश्री, लेखक और स्तंभकार।**

# वे अपने ही देश को अस्थिर कर रहे हैं भारतीय उत्पादों का बहिष्कार नहीं होगा कामयाब

**दीपक वोहरा**

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली विपक्षी इस्लामवादी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के बहिष्कार के बावजूद जनवरी, 2024 के चुनाव में जीत हासिल करके शेख हसीना पांचवीं बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं। छिटपुट हिंसा के बीच व्यापक रूप से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से 40 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ। शेख हसीना पर पश्चिमी देशों का दबाव था। लेकिन भारत ने निजी तौर पर इस हस्तक्षेप का विरोध किया।शेख हसीना की स्वायत्त विदेश नीति, भारत से निकटता और बांग्लादेश की शानदार सफलता की वजह से पश्चिमी देश उन्हें सत्ता से बाहर करना चाहते थे। इसलिए वे भारत और बांग्लादेश के बीच दरार पैदा करने के लिए 'इंडिया आउट' अभियान चला रहे हैं। यह निराश इस्लामवादियों को सक्रिय होने का मौका देता है। अर्थव्यवस्था को धर्म के साथ मिलाने का नतीजा हमेशा विनाशकारी होता है। इसे पाकिस्तान, सूडान और अफगानिस्तान, आदि के हालात से समझा जा सकता है। बांग्लादेश के इस्लामवादी समूहों का मुख्य लक्ष्य बांग्लादेश में सरिया कानून से शासन चलाना है। जहां आर्थिक मंदी हसीना की मुख्य चुनौती है, वहीं देश का बढ़ता इस्लामीकरण चिंता की बात है। पहले की तुलना में अब ज्यादा बांग्लादेशी महिलाएं बुर्का और हिजाब में दिखती हैं।

शासन परिवर्तन आंदोलन का नेतृत्व ओपन सोसाइटी फाउंडेशन कर रहा है, जिसकी स्थापना खतरनाक जॉर्ज सोरोस ने की है, जो न्याय, लोकतांत्रिक शासन और मानवाधिकारों (और दुनिया को नियंत्रित करने के अमेरिकी हित) के लिए काम करने वाले तथाकथित स्वतंत्र समूहों का सबसे बड़ा निजी वित्तपोषक है। पहला बांग्लादेशी इस्लामी उग्रवादी गुट 1989 में उभरा, जब कई दर्जन गुटों का एक नेटवर्क स्थापित और विस्तारित हुआ। भारत मुक्ति संग्राम के समय से ही बांग्लादेश की बाहरी चुनौतियों से निपटा है। भारत ने अवामी लीग का समर्थन किया, जबकि पाकिस्तान, चीन और अमेरिका उसके खिलाफ खड़े थे। ये सभी शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

दक्षिण एशिया में सबसे बड़े और सबसे शक्तिशाली देश के रूप में भारत कमजोरों के खिलाफ होने वाले अत्याचारों का सामना करता है, लेकिन हमारे सभी छोटे पड़ोसियों द्वारा आरोप लगाए जाते हैं। जाहिर है, सही संतुलन बनाना आसान नहीं है, लेकिन हम संवेदनशील प्रयास कर रहे हैं। क्या 'बांग्लादेश के घरेलू मामलों में निरंतर हस्तक्षेप' का विरोध करने के लिए भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का इंडिया आउट अभियान, जो ज्यादातर सोशल मीडिया पर चल रहा है, काम करेगा। इसका जवाब है-नहीं, क्योंकि इसका उद्देश्य भारत को नुकसान पहुंचाना उतना नहीं है, जितना ढाका की सरकार को अस्थिर करना।

बांग्लादेश भारत से आयात पर निर्भर है, जो कुल मिलाकर 16 अरब डॉलर से ज्यादा का है। इसमें खाद्य, ईंधन, उर्वरक, औद्योगिक कच्चा माल जैसी जरूरी चीजें शामिल हैं, जबकि उसके कॉरपोरेट सेक्टर सॉफ्टवेयर और सेवा-आधारित कुशल भारतीय श्रमिकों और विशेषज्ञों को नियुक्त करते हैं। भारत ने बांग्लादेश को विकास सहायता के मद में





10 अरब डॉलर से ज्यादा रकम दी है। भारत अगर बांग्लादेश से बाहर निकल जाएगा, तो क्या बांग्लादेश चीन से आयात करेगा? 'इंडिया आउट' अभियान से जुड़े लाखों बीएनपी समर्थकों का झुकाव जिहादवाद और हिंदू विरोधी भावनाओं की ओर है, जो इस क्षेत्र के लिए गंभीर सुरक्षा खतरा पैदा कर सकता है। बांग्लादेशी मदरसे उग्रवाद के लिए खाद-पानी मुहैया कराते रहते हैं। हिंदुओं पर छिटपुट हमले और उनकी संपत्तियों को लूटने की घटनाएं होती रहती हैं। इन सबके बावजूद बांग्लादेश भारत के लिए और भारत बांग्लादेश के लिए इतने महत्वपूर्ण हैं कि इसे नजरंदाज नहीं किया जा सकता। नदी जल का बंटवारा, जलवायु परिवर्तन से लड़ना, अधिक आयात, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, बेहतर सीमा प्रबंधन-ये प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं। कई दक्षिण एशियाई देश यह सबक ले रहे हैं कि चीन वास्तव में उन्हें अपने बराबर नहीं मानता।

बांग्लादेश का लक्ष्य अगले 20 वर्षों में अपने 16.7 करोड़ लोगों के लिए उच्च-मध्यम आय का दर्जा प्राप्त करना है, जो भारत के समर्थन के बिना संभव नहीं है। कुछ ही महीने पहले ढाका ने अपनी भुगतान संतुलन की लड़खड़ाती स्थिति को देखते हुए आईएमएफ से ऋण मांगा था। बांग्लादेश का कर-जीडीपी अनुपात दुनिया में सबसे कम है। ईंधन की कीमतों में रातों-रात 50 फीसदी की वृद्धि हुई और लोग सड़कों पर उतर आए। बांग्लादेश को भारत से पैसा, निवेश,तकनीक और खाद्यान्न चाहिए। जबकि भारत चाहता है कि वहां भारत-विरोधी गुटों को पनाह नहीं मिले, गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों की सुरक्षा हो और चीन को इतना तवज्जो न दिया जाए कि हमारे सुरक्षा हितों को नुकसान पहुंचे।कोई भी अर्थव्यवस्था तब संकट में होती है, जब उसे बढ़ती ऊर्जा लागत, बढ़ती मुद्रास्फीति, घटते विदेशी मुद्रा भंडार, प्रतिकूल अंतरराष्ट्रीय आर्थिक माहौल और सिकुड़ते निर्यात बाजारों का सामना करना पड़ता है। बांग्लादेश को इन सबके साथ-साथ और भी बहुत कुछ झेलना पड़ा है। वस्त्र उद्योग बांग्लादेश का गौरव है, लेकिन कारखाने पहले से ही अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के ऑर्डर में मंदी, तैयार माल की कम कीमतों, वैश्विक स्तर पर कच्चे माल की ऊंची कीमतों और लगातार बिजली कटौती के कारण जूझ रहे हैं। महंगी प्राकृतिक गैस की कमी के कारण 2026 तक बिजली कटौती का खतरा मंडरा रहा है, जिससे निर्माताओं को नुकसान हो रहा है। इसका बुरा प्रभाव हो सकता है।

बांग्लादेश का विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 17 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है, क्योंकि इसका केंद्रीय बैंक मुद्रा का बचाव करने में नाकाम रहा है, जो अब डॉलर के मुकाबले लगभग 110 टका है। मौजूदा विदेशी मुद्रा भंडार से लगभग तीन महीने के आयात बिल का भुगतान किया जा सकता है। ऐसे में, कौन उनकी मदद कर सकता है? जाहिर है, पहले भी भारत ने ही 4.5 अरब डॉलर का अनुदान एवं ऋण देकर उसकी मदद की थी।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# कुलाबे से खेत तक नहीं आ रहा टूटी-फूटी नहरों से नदी नालों में निकल रहा पानी

## गोंगपा प्रदेश अध्यक्ष का आरोप दिखावे के लिए छोड़ा जा रहा है नहरों में पानी



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

क्षेत्र में इन दिनों नहर विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है जहां करोड़ों रुपए की लागत से नेहरो की मरम्मत की गई वहीं दूसरी ओर इन मरम्मत कार्य भ्रष्टाचारियों की भेंट चढ़ गया। नहर कुछ सालो बाद ही जगह-जगह से जर्जर होकर खंडहर के रूप में तब्दील हो गई है। मेंन केनाल नहर में मरम्मत के नाम पर इतना जमकर भ्रष्टाचार और जमकर बंदर वाट की गई है। यही नहीं इस बंदर बांट में एक उच्च अधिकारी की आज भी सिवनी मालवा नहर विभाग से तनखा निकल रही है और वो किसी अन्य जगहों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस पूरे निर्माण कार्य और बंदर बांट की उच्च स्तरीय एक जांच बिठाकर दूध का दूध और पानी का पानी किया जा सकता है। जो लाखों किसानों के हित के लिए अति आवश्यक है। आज इन जर्जर हो रही नेहर के कारण किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच रहा है और जो पानी किसानों के खेत में पहुंचना था वही इन टूटी हुई नहरो से नदी और नालों में बह कर जा रहा है। आज क्षेत्र में लगातार किसानों को नहरों के व्दारा सिंचाई का पानी नहीं मिल पाने से किसान परेशान हैं। किसानों की इस समस्या को देखते हुए गोडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेदसिंह जाट ने सिवनी मालवा क्षेत्र की नहरों में चल रहे सिंचाई पानी और गेज का निरीक्षण किया। कम चल रहे गेज की वीडियो कॉलिंग कर अधिकारियों को इसकी शिकायत की। व्यवस्था तत्काल न सुधारने पर उन्होंने आन्दौलन की चेतावनी भी दी है।

गोंगपा प्रदेश अध्यक्ष ने तवा नहर विभाग के अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करते हुए बताया कि विभाग व्दारा नहरों में सिर्फ दिखाने के लिए पानी छोड़ा जा रहा है जिससे किसान कुलावे की सहायता से सिंचाई पानी अपने खेतों में नहीं ले जा पा रहा है वहीं दूसरी ओर मेन केनाल से भरपूर मात्रा में पानी हरदा जिला पहुंचाया जा रहा है। कम पानी छोड़े जाने का कारण अभी तक किसानों की बोनी भी नहीं हुई है और ना ही उनके खेत तक पानी पहुंच पाया है लगातार मूंग के समय पर नहर के पानी न छोड़ने के कारण किसान परेशान हो रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक प्रेम शंकर वर्मा पर भी तंज कसते हुए कहा कि क्षेत्र के किसानों को सिंचाई पानी नहीं मिल पा रहा है इसके लिए क्षेत्रीय विधायक को आगे आकर अव्यवस्था को दूर करना चाहिये। इस सम्बंध में तवा नहर विभाग के सिवनी मालवा कार्यालय पहुंचकर गोंगपा प्रदेश अध्यक्ष ने एक शिकायती आवेदन अधिकारियों को सौंपा। साथ ही जल्दी से जल्द किसानों के खेत में सिंचाई पानी पहुंचाने की बात कही।

## न्यायालय में बार और बैंच न्याय के दो पहिये, जिन पर चलकर ही कार्य किया जा सकता है: तबस्सुम खान




**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

अधिवक्ताओं की सिवनी मालवा बार प्रशंसनीय है यहां कार्य करना सहज है। यहां पर सभी अधिवक्ता अपना कार्य पूरी ईमानदारी और लग्न ओर सहयोगात्मक भावना से न्यायहित मे काम करते है। उक्त बात सिवनी मालवा न्यायालय से शाजापुर न्यायालय मे स्थानांतरित हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिराज अली ने अभिभाषक संघ द्वारा आयोजित विदाई समारोह मे व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि यहां की बार बेंच से सामंजस्य बनाते हुए पक्षकारो को न्याय दिलाने मे सहयोग करती है। मेरे यहां की श्रंखला न्यायालय के कार्यकाल मे मैने अधिवक्ताओं के सहयोग से बहुत काम किया है। सिवनी मालवा न्यायालय में स्थानांतरित होकर आई अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश तबस्सुम खान ने कहा कि बार और बेंच के सामंजस्य से न्याय के क्षेत्र मे अच्छा काम किया जा सकता है। यहां पर मुझे 8 दिनों में ऐसा ही महसूस हुआ है। न्यायालय मे बार और बैंच न्याय के दो पहिये है। जिनपर चलकर ही न्यायालय मे कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता प्रकरणों को पूरा समझ कर, पढ़कर बैंच के सामने आयें ताकि दोनो को परेशानी ना हो और पक्षकारो को थोड़े समय में ही न्याय मिल सके। सिविल न्यायाधीश वर्ग एक श्रीमति साहंगी दुग्गल ने न्यायाधीश सिराज अली को सच्चा मार्गदर्शन बताते हुए कहा कि हमें उनसे पूरा मार्गदर्शन मिला है। हमें उनके साथ काम करते हुए सीखने को मिला है। हमे आगे भी कोई समस्या आएगी तो हम उनसे मार्गदर्शन लेते रहेंगे। अभिभाषक संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने सभी न्यायाधीशो के लिए कहा की सभी से बहुत सीखने को मिला है।और आगे भी सीखने को मिलता रहेगा। सिराज अली का अभाव हमे सदेव अखरता रहेगा। उन्होंने बहुत सहयोगी भाव और सभी को सिखाते हुए यहां न्याय का कार्य किया है। कार्यक्रम में अधिवक्ता एमएस पाटनी, विकास पाठक ने भी अपने विचार रखे। आभार सचिव अधिवक्ता आदित्य ठाकुर ने माना एवं संचालन अधिवक्ता पुष्कर मिश्रा ने किया।

### रामपुर में रैली निकालकर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

# सोहागपुर विधान सभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान के लिए मतदाताओं से की अपील

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जनपद पंचायत नर्मदापुर अंतर्गत रामपुर ग्राम में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु ग्राम में रैली निकाली गई। ज्ञातव?य हो कि जनपद नर्मदापुरम अंतर्गत होशंगाबाद सिवनी मालवा एवं सोहागपुर तीनों विधानसभाओं की ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं जिनमें 26 अप्रैल को मतदान करने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विधान सभा के मतदान केन्द्र 136,137 में बूथ स्तरीय जागरूकता समूह द्वारा ग्राम के मुख्य मार्गों से मतदान जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने के लिए प्रेरित किया विभिन्न नारो के साथ रैली में सहायक विकास विस्तार अधिकारी एस एल सातनकर ग्राम पंचायत सचिव तुकाराम चौरे, सहायक सचिव सतीश यादव, बीएलओ बिहारीलाल कुशवाहा, शिक्षक मनोज चौहान, मनीष तिवारी, संजय सराठे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बैजन्ती यादव आंगनवाड़ी सहायिका बबली अहिरवार, सीमा चौरे, आशा कार्यकर्ता माया पटवा, गिरजा घुरेले ग्राम कोटवार राजेन्द्र यादव सहित अन्य शासकीय कर्मचारी ने रैली में भाग लिया।



## छात्राओं ने नर्मदापुरम करेगा वोट थीम पर वृहद स्तर पर किया रंगोली का निर्माण




**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में नर्मदापुरम के शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से नर्मदापुरम करेगा वोट थीम पर वृहद स्तर पर रंगोली का निर्माण किया गया। नर्मदापुरम करेगा वोट थीम पर वृहद स्तर पर रंगोली के निर्माण कार्यक्रम के अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत आज आयोजित कार्यक्रम में हमारे महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। महाविद्यालय में इस सत्र के प्रथम वर्ष में प्रवेशित छात्राओं को वोटर आईडी बनवाने एवं अपना प्रथम मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। विगत माह में भी महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं आयोजित कर शत प्रतिशत मतदान करने हेतु छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ हर्षा चचाने ने बताया कि विगत दिवसों में मतदाता जागरूकता हेतु आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी साझा की, और बताया कि एनएसएस की छात्राओं ने इन कार्यक्रमों में सजग प्रहरी का कार्य किया है। हम जनवरी माह से मतदान के पर्व की तैयारी कर रहे हैं। वृहद स्तर पर रंगोली का निर्माण कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का मार्गदर्शन एवं छात्राओं के द्वारा आयोजित किया गया।

## ग्राम पंचायत शैल में महिलाओं ने मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए मतदान गीत गाए



**नर्मदापुरम।** ग्राम पंचायत शैल में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मतदान गीत गाकर मतदाताओं को जागरूक किया। अपने अधिकारों का सम्मान करें चलो मतदान करें, ग्राम रोजगार सहायक प्रेमलता राजपूत के नेतृत्व में महिलाओं ने मतदाता जागरूक अभियान चलाया।

### गुड़ी पड़वा की पूर्व संध्या पर मतदाता जागरूकता के अंतर्गत आज होगा कवि सम्मेलन

# मां रेवा की कल-कल धारा के साथ स्वर साधना करेंगे मौलिक स्थापित कवि

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

नर्मदा आव्हान सेवा समिति व्दारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सनातन नव वर्ष,गुड़ीपड़वा की पूर्व संध्या चैत्र अमावस्या एंव मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। जिसमें देश के मौलिक स्थापित कविगण माँ रेवा की कलकल धारा के साथ स्वर साधना करेंगे।

समिति अध्यक्ष श्रीमती निर्मला हंस राय ने बताया की अखिल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 8 अप्रैल सोमवार रात्रि 8 बजे से माँ नर्मदा के पावन तट सेठानी घाट पर किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक केप्टिन करैया ने बताया की देश के विभिन्न अंचलों के ख्याति प्राप्त कवियों को आंमत्रित किया जा रहा है।जिसमें राजेंद्र आलसी इटारसी,अजातशत्रु उदयपुर, कौशल सक्सेना रायसेन, अर्जुन सिंह चांद झांसी,पंकज अंगार ललितपुर, प्रख्यात मिश्रा लखनऊ, कुलदीप रंगीला देवास, मनीष गोस्वामी व्यावरा, श्रृद्धा शौर्य नागपुर, शीतल देवयानी इंदौर अपनी प्रस्तुति देंगे। श्री करैया ने बताया की उक्त आयोजन की नीव वरिष्ठ कवि स्व.श्री संतोष इंकलाबी जी ने रखी थी।आज वह हमारे बीच नही है परन्तु उनकी स्मृति मे हम आज भी इंकलाबी जी व्दारा स्थापित किया मंच (अखिल भारतीय कवि सम्मेलन) कराने का निर्वाहन हम निरंतर करते आ रहे है। समिति के हंस राय,बलराम शर्मा ने नर्मदाचंल क्षेत्र के सभी साहित्य प्रेमी नागरिकों से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में उपस्थित होकर काव्य रसपान करने का आव्हान किया है।

# निशुल्क शीतल जल सेवा शुभारंभ कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता की शपथ का वाचन हुआ

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**



कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला आज रेलवे स्टेशन पर समाजसेवियों के माध्यम से निःशुल्क शीतल जल सेवा का शुभांरभ टेऊ्न में बैठे यात्रियों को पानी प्रदायकर किया है। रेल्वे स्टेशन परिसर में सार्वजनिक भोजनालय समिति विदिशा के द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम का शुभांरभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया है।

कलेक्टर श्री वैद्य ने सार्वजनिक भोजनालय समिति विदिशा की निशुल्क शीतल जल प्रदाय सेवा के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे संज्ञान में लाया गया है कि समिति द्वारा पिछले 41 वर्षो से उक्त सेवा का निरंतर निर्वहन किया जा रहा है वास्तव में ग्रीष्मकाल के दौरान स्वच्छ शीतल पेयजल कितनी सुगमता से मिल जाएगा कि कल्पना रेल यात्रियों ने कभी नहीं की है। उन्होंने इस पुनीत कार्य में लगे हुए सेवा भावी जलसेवकों को शुभकामनाएं अभिव्यक्त करते हुए कहा कि यात्रियों को पेयजल हेतु इस तरह की अभिनव पहल के लिए विदिशा की समिति अलग ही पहचान बनाए हुए हैं।

लोकसभा निर्वाचन में सभी मतदाता अपने-अपने मतो का प्रयोग निर्धारित मतदान केन्द्र पर पहुंचकर करें के उद्धेश्य से संदेश सम्प्रेषण के विभिन्न आयामो का क्रियान्वयन किया जा रहा है इसी कडी के तहत आज रेल्वे स्टेशन परिसर कार्यक्रम में लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। समाजसेवी श्री अतुल शाह ने शपथ का वाचन किया। जिसे कलेक्टर श्री वैद्य पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला समेत अन्य सभी व समिति के सदस्यगणों, स्टेशन मास्टर व अन्य स्टॉफ ने दोहराते हुए सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प भी लिया है।

**मेट्रो एंकर**

### जब जिम्मेदार ही ऐसा कर रहे हैं तो आम आदमी की क्या बात है

# आचार संहिता का बीएमओ उड़ा रहे धज्जियां, महिला कर्मियों के साथ डांस पार्टी का वीडियो हुआ वायरल

**सिवनी मालवा/नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**





सिवनी मालवा विधानसभा के डोलरिया में पदस्थ बीएमओ का इन दिनों अपने ही सहकर्मियों के साथ सर पर बोतल रखकर पार्टी करने का एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में किस प्रकार से लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते अधिकारी और कर्मचारी ही उसका पालन नहीं कर रही और सरेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। आचार संहिता का अधिकारी कर्मचारी आए दिन मखौल उड़ाते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को मुख्यालय छोड़ने की अनुमति भी नहीं है, इसके बावजूद बाहर के प्रदेशों में भी यात्राएं की जा रही है और आचार संहिता का पालन नहीं हो रहा है। जब जिम्मेदार ही ऐसा कर रहे हैं तो आम आदमी की क्या बात है। हाल ही में एक मामला डोलरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ का सामने आया है। बीएमओ डॉक्टर राजेश मीना तवा बांध के पास पार्टी करते नजर आ रहे हैं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है की किस प्रकार सरेआम आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही है। चुनाव आचार संहिता के चलते डॉक्टर राजेश मीना एक होटल में 8 से 10 सीएचओ महिला कर्मियों के साथ पार्टी कर रहे हैं और बोतल लहराकर डांस किया जा रहा है। महिला कर्मियों में वित्रा राठौर सीएचओ पांजराकलां, आरपी कुशवाहा, बीएमओ डॉक्टर राजेश मीना स्वयं, शिखा पांडे सीएचओ, आशा सोनपुरे मेहरागांव, नेहा गोस्वामी शामिल है। इन सभी लोगों द्वारा आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही है। सूत्रों की हम अगर बात माने तो डॉ मीना महाराष्ट्र की यात्रा पर भी पहुंचे थे, जबकि किसी भी वरिष्ठ अधिकारी को मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं है लेकिन आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रहे हैं और उसका पालन नहीं हो रहा है। अब इस स्थिति में जिला प्रशासन इन डॉक्टरों पर क्या कार्रवाई करता है ऐ तो आने बाला समय ही बताएगा।

## सोना सांवरी ग्राम पंचायत के सचिव को अस्थाई रूप से हटाया

चुनाव की आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत ने सोना सांवरी ग्राम पंचायत के सचिव संतोष झिंझारे को आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से कार्यालय जनपद पंचायत में संलग्न कर दिया है। ज्ञात हो कि पंचायत भवन में 4 अप्रैल को सरपंच पति मनीष मलैया ने पंचायत भवन में केक काटकर जनपद सदस्य वंदना सागोरिया के पति दिनेश सागोरिया और उप सरपंच सीताचरण शर्मा का जन्मदिन मनाया था। इसमें सचिव संतोष भी शामिल हुए थे। इसको लेकर उन पर कार्रवाई की गई है। सोनासांवरी पंचायत सचिव का प्रभार साकेत के सचिव रामाधार मालवीय को अस्थाई रूप से दिया गया है।




# नचोरी दिल खोल मैया जूँ के द्वार, बधाई नृत्य लोक गीतों पर झूमे श्रोता

## फाग उत्सव में प्रसिद्ध लोकगीत गायक देशराज नरवरिया के बुंदेली लोककला का हुआ आयोजन



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

प्रसिद्ध लोकगीत गायक देशराज नरवरिया के बुंदेली लोकगीतों एवं बधाई नृत्य ने महामाई के आँगन में देर रात तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। उनके सुमधुर लोकगीतों को सुनने के लिए दूर दराज के ग्रामीण अंचल के हजारों नागरिक ग्राम वीरपुर पहुँचे थे। महामाई सेवा समिति के सदस्य उमाकांत शर्मा ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर लोकगीतों आनंद लिया। इस मौके पर उन्होंने मंगलवार से प्रारम्भ हो रहे नवसंवत्सर में सबके कल्याण की कामना करते हुए डाँग वाली महामाई मैया के उत्सव मेले में बड़चढ़कर सहयोग करने ओर व्यवस्था बनाने में सहयोग करने का आव्हान किया।

फाग लोकोत्सव समिति के तत्वाधान में ग्राम वीरपुर में माँ महामाई के दरबार के पास परंपरागत रूप से आयोजित हो रहे पाँच दिवसीय आयोजन की श्रृंखला में रविवार को बामौर कला के प्रसिद्ध लोकगीत गायक देशराज नरवरिया एंड पार्टी का आयोजन किया गया था इस मौके पर देशराज ने अपनी महिला साथी कलाकारों के साथ महामाई मैया की अरदास करते हुए डाँग वाली मैया आ गए शरण तुम्हरी, करियो कृपा महामाई ओ माँ तथा राखो सबकी लाज ए महामाई मैया डाँग वाली से शुरुआत करते हुए लोकगीतों पर बधाई नृत्य का ऐसा समाँ बाँधा की दूर सुर के अंचल से पहुँचे लोग देर रात तक कार्यक्रम स्थल पर जमे रहे। उल्लेखनीय है कि देहराज नरवरिया अपनी बुंदेली लोक गायन के लिए ग्रामीण अंचल में खासे लोकप्रिय है उनको सुनने के लिए सिरोंज लटेरी के अलावा आसपास के अनेक ग्रामीण अंचल के लोग भी यहाँ पहुँचे थे। कार्यक्रम शुभारंभ के पूर्व फाग लोकोत्सव समिति के सदस्यों ने सभी कलाकारों का माला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हमीर सिंह यादव, अशोक रावल, धनसिंह यादव, रामवीर यादव, अमित शर्मा, डॉ वीरू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# 10 या 11 को होगी ईद, तैयारियां जोरों पर, ईदगाह व जामा मस्जिद पर होगी मुख्य नमाज



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

ईद की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है तो मुस्लिम समाज जनों के द्वारा ईद को लेकर तैयारियां भी प्रारंभ कर दी गई है 10 या 11 मार्च को ईद मनाई जाएगी इसको लेकर मुस्लिम त्योहार कमेटी के द्वारा तैयारी अभी प्रारंभ कर दी गई है मुस्लिम त्योहार कमेटी ने ईद की विशेष नमाज का वक्त भी तय कर लिया गया है मिली जानकारी के अनुसार ईदगाह पर सुबह 7:15, बिलाल मस्जिद मे 7:30 जामा मस्जिद में 7:45 मस्जिद कमनगिरान मे 8 बजे ईद की विशेष नमाज अदा की जाएगी। रमजान उल मुबारक के रोजों के बाद मनाया जाने वाला ईद उल फितर का त्योहार का विशेष महत्व होता है पूरे उत्सव पूर्वक के साथ मनाया जाएगा मुस्लिम समाजजनों के द्वारा इसकी तैयारी भी जोर-शोर से प्रारंभ कर दी गई

# अंग्रेजी शराब से भरा ट्रक पलटा, 20 लाख की शराब हुई नष्ट, लूटने लगी भीड़

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शनिवार की रात्रि में लटेरी नाके पर भोपाल की ओर से अंग्रेजी शराब लेकर आ रहा ट्रक के ब्रेक फेल होने से वहां अनियंत्रण होकर पलट गया। इसके बाद शराब लूटने के लिए लोगों की भीड़ लगाई। दूसरी ओर ट्रक चालक भी घायल हो गया हैं। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी संदीप सिंह पंवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने पुलिसकर्मी की सहायता से शराब ले जाने वालों को रोका और तत्काल सबसे पहले ट्रक चालक को इलाज के लिए घायल अवस्था में शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया इधर जानकारी लगते ही आबकारी उप निरीक्षक संजय इब्ने अपने अमले के साथ मौके पर पहुंचे। यहां से शराब को हटवाने और जांच पड़ताल करने में रात के 3:00 बजे गए थे । वहीं उन्होंने बताया कि ब्रेक फेल होने से जैसे ही ट्रक पलटा तो उसमें कांच की बोतल में शराब रखी हुई थी साथ ही बियर होने से उसमें प्रेशर बनने से वहां पटाखे की तरह फूट रही थी आसपास के रवासियों में भी इस वजह से डर का माहौल था। शराब ठेकेदार के कर्मचारी ट्रक में फूटने के बाद जो माल बचा हुआ था उसकी चटनी करने में लगे रहे । ट्रक में अंग्रेजी शराब की बोतलों को पास में ही सड़क पर और घर के बाहर जमा लिया था। जिसके चलते आबकारी विभाग अधिकारियों को रात्रि में रुक कर अपनी पूरी प्रक्रिया करने के लिए रहना पड़ा क्योंकि बियर की बोतलें फूट रही थी डर के कारण लोग इधर-उधर भाग रहे थे।

### इनका कहना है-

*इसमें नुकसान शराब ठेकेदार का हुआ है कांच की बोतल थी बियर ज्यादा मात्रा में थी इस बजह लाखों की शराब नष्ट हो गई है।*

***संजय इब्ने,** आबकारी उप निरीक्षक विभाग सिरोंज*

## ट्रक पलट जाने के बाद शराब लूटने लगी भीड़

जैसे ही शराब के शौकीनों को जानकारी मिली की अंग्रेजी शराब से भरा हुआ ट्रक अनियंत्रण होकर पलट गया है इसके बाद बड़ी संख्या में शराब के शौकीन यहां से शराब को ले जाते हुए नजर आए कुछ तो बड़ी संख्या में एक साथ शराब की बोतल लेकर चलते बने रोकने का प्रयास किया पर अंधेरा होने के कारण पुलिस भी इनको रोक नहीं पा रही थी फिर थाना प्रभारी ने सख्ती दिखाते हुए शराब ले जाने वालों को फटकार लगाई तब जाकर यह लोग माने जानकारी के अनुसार ट्रक पलटने से 20 लाख के आसपास की शराब खराब हो गई है नुकसान शराब ठेकेदार का होना बताया जा रहा है क्योंकि आबकारी विभाग के द्वारा वेयरहाउस से ठेकेदार के ट्रक में माल लोड करवा कर



निकलवा दिया था वहीं ट्रक पलटने से शराब ठेकेदार को बड़ा नुकसान भी हो गया है । जबकि कुछ दिन पहले ही नवीन ठेकेदार ने काम प्रारंभ किया है । आते ही उसको लाखों रुपए के नुकसान का सामना भी करना पड़ रहा है सबसे बड़ी बात तो है कि ट्रक पलटने के बाद लोगों ने मदद करने की जगह पर सबसे पहले शराब लूटना शुरू कर दिया इससे ऐसा प्रतीत होता है कि शराब के शौकीनों को मानवता की कोई चिंता नहीं होती सिर्फ उनको नशे से मतलब रहता है। दूसरी ओर इस घटनाक्रम को व्यवस्थित रूप से करने में लगभग रात के 3:00 बज गए थे पुलिस को और आबकारी विभाग को यहां पर काफी देर तक रहना पड़ा किसी भी तरह की घटना होने का डर सता रहा था जिस तरह से बीयर की बोतल में ब्लास्ट जैसा हो रहा था उसको देखते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों में भी हादसा होने का अंदेशा जैसा बना हुआ था । ट्रक पलटने के बाद शराब ठेकेदार का अमला भी मौके पर पहुंच गया था जो बोतल फूटने से बच गई थी उनको पास के ही घर वाहर रखने का काम किया था खुले मैदान में बड़ी संख्या में शराब रखी हुई थी इस मोड़ पर हमेशा हादसे होते हैं फिर भी अधिकांश चालकों के द्वारा तेज गति से ढलान पर वाहनों को चलाने का काम किया जाता है ।

## शासन स्तर पर सुविधा सामग्री उपलब्धता के बाद भी प्राइवेट सेंटरों के माध्यम से कराई जाती है फीडिंग

# जनशिक्षा व संकुल केंद्रों में धूल चाट रहे या गायब हो गए कंप्यूटर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**




शिक्षा विभाग में उत्तम व्यवस्था बनाए जाने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले के शैक्षणिक कार्य में सुधार के लिए जहाँ चॉक डस्टर ब्लैक बोर्ड से लेकर टाट-पट्टी तक को व्यवस्था के प्रावधान है। यहीं शैक्षणिक एवं स्कूलों में होने वाले विभिन्न कार्यों को ऑनलाइन व्यवस्था से जोड़ने के लिए पूरे प्रदेश की भांति विदिशा जिले के समस्त जनपद शिक्षा केंद्रों के जन शिक्षा केंद्रों सहित संकुल केंद्र स्तर पर करोड़ों रुपए खर्च कर हेड स्टार्ट योजना के तहत कंप्यूटर खरीदे गए थे और इन कंप्यूटर सेट के रखरखाव हेतु प्रति केंद्र के हिसाब से 10-10 हजार रुपये प्रतिवर्ष दिये जाने की योजना थी इतना ही नहीं कंप्यूटर को चलाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षित भी किया गया था लेकिन सभी प्रकार को सामग्री एवं आधुनिक मशीनरी व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के नाम पर दक्ष किए गए शिक्षकों के बाद भी जिले भर के जन शिक्षा सहित संकुल केंद्रों में कंप्यूटर सेट धूल चाट रहे हैं। जिसका महज कारण सामने आया है कि एक और जहाँ प्रशिक्षित कंप्यूटर शिक्षक प्रशिक्षण के बाद भी कंप्यूटर चलाने में कोताही बरत रहे हैं यही आला अधिकारी अपनी जिम्मेदारी भुलकर शासन की करोड़ों राशि खर्च के बाद भी निजी कंप्यूटर सेंटरों से विभिन्न कागजातों की डिंग करवाने पर तुले हुए हैं। जन शिक्षा केंद्र प्रभारियों एवं संकुल केंद्र के जिम्मेदार प्राचायों के गैर जिम्मेदाराना कार्य से स्कूल शिक्षा विभाग को दोहरे ढंग से जिम्मेदारों द्वारा चूना लगाया जा रहा है। एक तरफ जहाँ इतनी राशि खर्च के बाद भी कंप्यूटर सेटों का प्रयोग नहीं हो रहा है तो वहीं निजी कंप्यूटर सेंटरों में फीडिंग कार्य कराए जाने के कारण स्कूल शिक्षा विभाग को दोहरे रूप से राजस्व का नुकसान पहुंचाया रहा है। इस तरह का मामला कोई एक जन शिक्षा एवं संकुल केंद्र का नहीं है बल्कि हालात लगभग एक ही तरह जिले के सभी जगह की है एक ती जिम्मेदार संस्था प्रमुख शिक्षा विभाग की योजना अनुसार अपने कार्यालयों में वैधानिक रूप से फीडिंग आदि का कार्य नहीं कराते दूसरे विधान के विरुद्ध निजी सेंटरों में फीडिंग कराकर राशि को अवैधानिक रूप से खर्च कर रहे हैं। तो तीसरी और शैक्षणिक कार्य के समय शिक्षक विभिन्न रिकार्ड की फीडिंग के नाम पर विद्यालय से उस समय नदारद रहते है जब अध्यापन का समय निहित होता है। कई जगह तो ऐसी भी स्थितियां देखने को मिली है जहां के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी से लेकर अन्य जिम्मेदार कर्मचारी पदस्थ संस्था के बजाय निजी कंप्यूटर सेंटरों में यह अमूल्य समय नष्ट कर देते हैं जो वास्तव में विद्यालय एवं छात्र छात्राओं के लिए होता है।

### जांच हुई तो हो सकता है बड़ा खुलासा

हेड स्टार्ट योजना के तहत करोड़ रुपए से जनशिक्षा एवं संकुल केन्द्रों को प्रदाय किए गए कंप्यूटर सेटों के बारे में पता चलेगा यह कहा है किसी जिम्मेदार अधिकारी के घर पर है, चोरी हो गये, खराब हो गये यह सवाल अधिकारिओं को भी शक के दायरे में लेता है।

### कहीं खराब तो कहीं गायब हो गए कंप्यूटर सेट

एक दशक पूर्व सर्वशिक्षा के हेड स्टार्ट योजना तहत जनशिक्षा सहित संकुल केन्द्रों में कंप्यूटर सेट की व्यवस्था की गई थी दिये गये कंप्यूटर सेटों का सदउपयोग और जिम्मेदारी के साथ रखरखाव न होने के कारण आज इतनी पूजी खर्च करने के बाद भी इन शिक्षा केंद्रों में रखें कंप्यूटर सेट खराब हो चुके हैं संस्था प्रमुखों की लापरवाही एवं स्वार्थ के कारण कंप्यूटर सेंट खराब हो चुके हैं। इतना ही नहीं कई जगह चोरी तक होने की बातें सामने आई हैं। लेकिन जनपद स्तर से लेकर जिले स्तर पर बैठे आला अधिकारियों द्वारा जोन स्तर पर दिए गए कंप्यूटर सेटों को खोज खबर नहीं ली जा रही है और न ही उन शिक्षकों के बारे में जानकारी ली गई की जिनको कम्पूटर का प्रशिक्षण दिया गया था प्रभारी बनाया गया था जिम्मेदार अधिकारी की वास्तव में जिन जन शिक्षा केंद्रों से कंप्यूटर सेट है यह कहाँ गए किनकी जिम्मेदारी पर थे। वह जिम्मेदार शिक्षक एवं संकुल प्रभारी अपनी जिम्मेदारी तक से पलड़ा झाड़ रहे हैं। यह अपने आप में बड़ा सवाल करता है। जनशिक्षा केन्द्र एवं संकुल केंद्रों पर कप्यूटर सेट कहा एवं किस स्थान पर है यह तो जांच उपरांत ही पता चल पाएगा लेकिन यह है कि शासन स्तर पर उपलब्ध कराए गए कंप्यूटर सेट विद्यालयों से गायब हो गये यह बड़ा सवाल है और उसका परिणाम सामने यह आ रहा है कि जिम्मेदार अधिकारी शिक्षा का विभाग को नए-नए तरीके से चूना लगाते है।

# मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला की मिली लाश

**सिरोंज।** मुगलसराय थाना अंतर्गत ग्राम पैकली के खेत में मानसिक रूप से दिव्यांग महिला की गांव के ही किसान के खेत के कुएं की मिट्टी में शनिवार को लाश में मिलने से सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनाव बनाकर लाश का रविवार को सिरोंज के शासकीय अस्पताल में पीएम कराया। एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि लाश मिलने के बाद हमने गांव के लोगों से फोटो दिखाकर उसकी पहचान कराई तो पता चला कि मृत महिला इसी गांव के मुस्लिम परिवार की जो मानसिक रूप से बीमार थी कई बार वह बिना बताए कई दिनों तक लापता रहती थी बाहर भी चली जाती थी उसकी उम्र लगभग 35 साल बताई जा रही है। अभी पीएम रिपोर्ट नहीं आई इस वजह से मौत के करके की जानकारी नहीं मिल पाई मर्ग कायम करके पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शराबी ने सड़क पर जा रही महिलाओं के साथ की छेड़खानी



**सिरोंज।** मंडी बाईपास रोड पर संचारित होने वाली शराब दुकान पर शराबी नशे में धुक्त होकर कई बार महिलाओं के साथ छेड़खानी कर चुके हैं एक बार तो महिला के सामने ही एक शराबी शराब के नशे में होकर बाथरूम कर रहा था दूसरी ओर रविवार को दो महिलाओं को देखकर एक शराबी ने उनके साथ छेड़खानी कर दी । जिसके बाद महिलाओं ने प्रतिकार करते हुए शराबी की खूब खर लेते हुए खरी खोटी सुनाई आसपास की दुकानदारों में शराबी को भगाया दूसरे इस तरह से आएं दिन शराबियों के द्वारा महिलाओं को परेशान किया जाता है। ऐसे शराबियों पर कार्रवाई नहीं होने से शराबियों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है । ऐसे शराबियों पर कार्रवाई करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियो को ध्यान देकर कार्रवाई करवानी चाहिए जिससे कि बहन बेटियों को शराबियों के आतंक से मुक्ति मिल सके ।

**मेट्रो एंकर** | परंपरानुसार धार्मिक आयोजनों को लेकर हुई महामाई सेवा समिति की बैठक

# चैत्र नवरात्रि में होगा श्रीविद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ एवं लगेगा मेला

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

प्रतिबर्षानुसार इस बर्ष भी जन-जन की आराध्या देवी श्री महामाई माता (डॉगवाली) के जागृत दरवार में चैत्र नवरात्रि उत्सव परंपरानुसार श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मनाया जावेगा। इस अवसर पर मातारानी के दरबार में सम्पन्न होने वाले परंपरागत धार्मिक आयोजन श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ, मेला एवं विशाल भंडारे की व्यापक तैयारी के संबंध में रविवार को श्री महामाई सेवा समिति के सदस्यों की बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित समिति सदस्यों से विभिन्न व्यवस्थाओं के सबंध में दायित्व प्रदान कर सुझाब भी आमंत्रित किए गये।

### महामाई माता सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं: पं. नलिनीकांत

इस अवसर पर बैठक में उपस्थित श्री महामाई माता मंदिर के प्रधान पुजारी पं. नलिनीकांत शर्मा ने अपने आर्शीवचन देते हुए कहा कि यह महामाई माता का प्रचान दरवार है मैया अपने सभी भक्तों पर कृपा करती हैं उन्हें कार्य करने की शक्ति प्रदान करती हैं। प्रतिबर्ष समस्त नगरवासियों एवं भक्तों के सहयोग से यह आयोजन अच्छी तरह से सम्पन्न होता है। मातारानी भक्तों की सभी मनोकामनाएँ पूर्ण करें और स्वस्थ रखें।

### महामाई मेला सनातन धर्म का विशाल आयोजन है : उमाकांत शर्मा

इस अवसर पर बैठक में उपस्थित महामाई सेवा समिति सदस्य उमाकांत शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महमाई माता का यह उत्सव सनातन धर्म का विशाल आयोजन हैं हम सभी मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाते हैं धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए इस प्रकार के आयोजन होना चाहिए इस अवसर पर उन्होने कहाँ की प्रकृति ही परमात्मा हैं दुर्गा हैं हम सब इसके अधीन




होकर कार्य करते हैं महामाई माता के दरबार मे आयोजित होने वाले विशाल भण्डारे एवं प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रमों की व्यवस्था मे हजारों लोग लगते हैं भक्ति भाव और पूरी उमंग के साथ सभी अपना काम पूर्ण मनोयोग से करते हैं । हमे आगामी पीड़ी को ऐसी शिक्षा देनी चाहिए जिससे सनातन धर्म के ऐसे आयोजन भविष्य मे भी अच्चे से होते रहे कार्यक्रम में वरिष्ठ समिति सदस्य बनवारी लाल साहू, संतोष चोरे, जितेन्द्र बघेल, जितेन्द्र रघुवंशी भैरो सिंह, सुधीर श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये । इससे पूर्व महामाई माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलवलन कर शुरू हुआ बैठक मे समिति सचिव ने व्यवस्थाओ पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं क्षेत्र के धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित थे।

### श्री विद्या शतचंडी दुर्गामहायज्ञ हेतु आज निकलेगी जलयात्रा

इस अवसर पर श्री महामाई माता के दरबार में नव संवत्सर एवं वर्ष प्रतिपदा की पूर्व संध्या पर आज 8 अप्रैल को श्री दुर्गा जी का आवाहन, श्री वरूण पूजन और जलयात्रा निकाली जावेगी। 9 अप्रैल को गुड़ी पड़वा के अवसर पर प्रात :काल 6 बजे नववर्ष के सूर्योदय के समय भगवान सूर्य को अर्ध्यदान किया जावेगा। इस अवसर पर दोपहर में श्री देवी पूजन, कलश व अग्नि स्थापना एवं दस दिवसीय श्री विद्याशतचंडी दुर्गा महायज्ञ का शुभारंभ होगा। जिसमें 9 अप्रैल से 18 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक महामाई मंदिर के प्रधान पुजारी पं. नलिनीकांत शर्मा के आचार्यत्व में आहुतियॉ प्रदान कराई जावेगी।

### 13 अप्रैल को होगा विशाल देवी जागरण(जगराता)

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित श्री महामाई मेले में 13 अप्रैल दिन शनिवार को रात्रि 9 बजे विशाल देवी जागरण ( जगराता ) का आयोजन होगा। इसमें देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका लता परदेशी एवं उनके दिल्ली के सहयोगी कलाकारों की टीम द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जावेगी। 18 अप्रैल दशहरा पर होगा विशाल कन्याभोज एवं भंडारा – श्री महामाई माता के दरबार में 9 अप्रैल से 18 अप्रैल तक चलने वाले श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर 18 अप्रैल दिन गुरूवार को विशाल कन्याभोज एवं भंडारे का आयोजन होगा। इस अवसर पर दोपहर में ब्रज की प्रसिद्ध फूलों की होली, नवकन्या पूजन भी होगा। रात्रि में श्री रामलीला के समापन पर रामराज्याभिषेक एवं आकर्षक आतिशबाजी भी होगी।

## आईपीएल का गणित: साई सुदर्शन ऑरेंज कैप लिस्ट में नंबर-2 पर पहुंचे

# सीएसके को हराकर पॉइंट्स टेबल में टॉपर बन सकती है केकेआर की टीम

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में रविवार को मुंबई ने पहली जीत दर्ज की। टीम ने अपने होमग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराया। इसी के साथ उन्हें 2 अंक मिले और टीम पॉइंट्स टेबल में 10वें से नंबर-8 पर पहुंच गई। दूसरी ओर चौथी हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स 10वें नंबर पर पहुंच गई। आज टूर्नामेंट का 22वां मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होगा। केकेआर आज का मुकाबला जीतकर पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ सकती है, दूसरी ओर सीएसके के पास नंबर-2 पर पहुंचने का मौका है। आरसीबी के विराट कोहली ऑरेंज कैप और राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल पर्पल कैप की रेस में टॉप पर हैं।

### पॉइंट्स टेबल में एलएसजी-एमआई को फायदा

रविवार को आईपीएल में 2 मैच खेले गए। पहले मुकाबले में एमआई ने दिल्ली को 29 रन से हराया। इस जीत से मुंबई को 4 मैच में 2 पॉइंट्स मिले और टीम 8वें नंबर पर पहुंच गई। इससे पहले टीम ने लगातार 3 मुकाबले गंवाए थे। दूसरी ओर 5 मैचों में चौथी हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स 10वें नंबर पर पहुंच गई। टीम को एकमात्र जीत चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली थी। इस बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु भी 2 ही पॉइंट्स के साथ 9वें नंबर पर है। दूसरे मुकाबले में एलएसजी ने जीटी को 33 रन से हराया। यह 17वें सीजन में लखनऊ की लगातार तीसरी जीत रही, इस जीत से टीम 6 पॉइंट्स लेकर तीसरे नंबर पर पहुंच गई। टीम को एकमात्र हार राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली, जो 8 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। लखनऊ में हार के बाद गुजरात टाइटंस 7वें नंबर पर बरकरार है। हालांकि, टीम को अब 5 में से 3 मुकाबलों में हार मिल चुकी है। टीम को 2 जीत एसआरएच और एमआई के खिलाफ मिली। ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड में टॉप पर काबिज आरसीबी के विराट कोहली ने 17वें सीजन में सबसे ज्यादा चौके भी लगाए हैं। उनके नाम 5 मैच में 29 बाउंड्री हैं। जीटी के साई सुदर्शन 20 चौकों के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए।



### आज टॉप पर आ सकती है केकेआर की टीम

दो बार की आईपीएल चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स 17वें सीजन में अजेय है। 3 मैचों में 3 जीत के बाद 6 पॉइंट्स के साथ टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है। दिल्ली के खिलाफ टीम के बैटर्स ने 272 रन का स्कोर खड़ा कर दिया था। आरसीबी को टीम ने 7 विकेट और एसआरएच को 4 रन से हराया। आज चेन्नई सुपर किंग्स से चक्रका मुकाबला चेन्नई में ही होगा। आज का मैच जीतकर कोलकाता 8 पॉइंट्स के साथ राजस्थान को पीछे कर नंबर-1 पर पहुंच जाएगी। राजस्थान के भी 8 ही पॉइंट्स हैं, लेकिन कोलकाता रन रेट में आरआर से बहुत आगे है। इसलिए सीएसके के खिलाफ महज मैच जीतने से ही टीम टॉप कर जाएगी। मैच हारने पर भी केकेआर 6 पॉइंट्स के साथ टॉप-4 में बनी रहेगी।

### ऑरेंज कैप में बहुत आगे हैं विराट कोहली

आरसीबी के विराट कोहली टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल किए हुए हैं। उन्होंने 5 मैचों में 316 रन बनाए हैं, इनमें एक सेंचुरी और 2 फिफ्टी शामिल हैं। रविवार को साई सुदर्शन 191 रन के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए। आज शिवम दुबे अगर 169 रन बनाते हैं, तभी विराट से आगे निकल पाएंगे। जो होना बहुत मुश्किल है।

## सीएसके पहुंच सकती है दूसरे नंबर पर



5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स 4 मैचों में 2 जीत और 2 हार के साथ चौथे नंबर पर है। टीम के फिलहाल 4 पॉइंट्स हैं और टीम ने अपने होम ग्राउंड पर आरसीबी और जीटी को हराया है। 2 मुकाबले टीम ने एसआरएच और डीसी के खिलाफ गंवाए, दोनों ही विपक्षी टीम के होमग्राउंड पर रहे। आज कोलकाता को हराकर सीएसके के 6 पॉइंट्स हो जाएंगे। एलएसजी और केकेआर के भी इतने ही पॉइंट्स हैं, लेकिन चेन्नई अगर 100 या उससे ज्यादा रन से जीत दर्ज करे तो दूसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। वहीं 30 से ज्यादा रन से मैच जीतने पर टीम नंबर-3 पर आ जाएगी। मैच हारने पर सीएसके नंबर-7 पर भी खिसक सकती है।

### सिक्सर किंग हैं हेनरिक क्लासन

सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासन ने 17वें सीजन में सबसे ज्यादा 17 सिक्स लगाए हैं। उनके बाद एसआरएस के ही अभिषेक शर्मा का नंबर है, जिन्होंने 15 छक्के लगाए हैं। एलएसजी के निकोलस पूरन मैच के बाद तीसरे नंबर पर पहुंच गए। वहीं डीजी के ट्रिस्टन स्टब्स 14 सिक्स के साथ चौथे नंबर पर आ गए। आज केकेआर के सुनील नरेन 6 सिक्स लगाकर टॉप पर आ सकते हैं। सीएसके के शिवम दुबे को टॉप पर आने के लिए 8 सिक्स लगाने होंगे। आरआरके लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल 4 मैच में 8 विकेट लेकर टॉप विकेट टेकर में टॉप पर हैं। एमआई के जेराल्ड कूट्जी दिल्ली के खिलाफ 4 विकेट लेकर 7 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर पहुंचे। आज केकेआर के हर्षित राणा या आंद्रे रसेल 4-4 विकेट लेकर टॉप पर पहुंच सकते हैं।



**मेट्रो बाजार**

## खाने के तेल के दामों में बढ़ोतरी के चलते बढ़ी खाद्य वस्तुओं की कीमतें

**मुंबई, एजेंसी**

दुनियाभर में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है. मार्च महीने में ग्लोबल फूड प्राइसेज में इजाफा देखने को मिला है. जुलाई 2023 के बाद ये पहला मौका है जब वैश्विक स्तर पर खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल देखा गया है. संयुक्त राष्ट्र की फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन ने कहा कि अनाजों की कीमतों में कमी के बावजूद खाने के तेल के दामों में उछाल के चलते वैश्विक खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ी है. फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन के फूड प्राइस इंडेक्स पिछले महीने के मुकाबले बढ़कर 1.1 फीसदी पर जा पहुंचा है और मार्च 2024 में ये 118.3 प्वाइंट पर रहा है. खाने के तेल का सब-इंडेक्स पिछले महीने के मुकाबले 8 फीसदी उछाल के साथ एक साल के हाई पर जा पहुंचा है. फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन के मुताबिक पाम, सोया, सनफ्लावर और रेपसीड ऑयल के दामों में तेजी देखी जा रही है. पाम उत्पादन करने वाले देशों में सीजन के दौरान आउटपुट में कमी आने के चलते पाम आयल के दामों में उछाल देखा जा रहा है. साथ ही पाम आयल के दक्षिणपूर्व एशियाई देशों में भारी मांग के चलते भी दामों में उछाल देखने को मिल रही है. बायोफ्यूल सेक्टर की ओर भारी मांग के चलते सोया ऑयल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है. एफएओ के मुताबिक मार्च महीने में डेयरी प्राइसेज 2.9 फीसदी बढ़ी है तो मीट प्राइसेज 1.7 फीसदी बढ़ी है. इससे पहले यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद खाद्य वस्तुओं की कीमतें रिकॉर्ड हाई पर जा पहुंचा था. लेकिन उसके बाद कीमतें कम हुई है.



## नए सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा देश का विदेशी मुद्रा भंडार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.951 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 645.583 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी कर ये जानकारी दी है। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार छठे सप्ताह शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। आरबीआई ने बताया है कि खत्म हुए सप्ताह में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अब विदेशी मुद्रा भंडार अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा कोष 140 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 642.631 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया था। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई। इससे पहले विदेशी मुद्रा भंडार का सर्वोच्च स्तर 2021 में देखा गया था। उस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 642.453 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था।

### कोलिंस लगातार 12वीं जीत से फाइनल में

## टेनिस: महिला एकल के फाइनल में रूसी खिलाड़ी डारिया से होगी भिड़ंत

**मैक्सिको सिटी, एजेंसी**

मियामी ओपन चैंपियन अमरीका की डेनियल कोलिंस ने लगातार 12वीं जीत दर्ज करते हुए चार्ल्सटन ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। गैरवरीय कोलिंस ने सेमीफाइनल में तीसरी वरीय यूनान की मारिया सकारी को सीधे सेटो में 6-3, 6-3 से हराया। अब कोलिंस का सामना फाइनल में चौथी वरीय रूस की डारिया कसाटकिना से होगी, जिन्होंने टॉप सीड अमरीकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला को हराया।

**रूसी खिलाड़ी का पलड़ा भारी:** कोलिंस और रूसी खिलाड़ी डारिया के बीच अब तक कुल तीन मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से दो मैच डारिया ने जीते हैं। वहीं कोलिंस और डारिया की किसी फाइनल में यह दूसरी भिड़ंत होगी। इससे पहले, कोलिंस ने डारिया को हराकर 2021 में सेन जोंस ओपन जीता था। पिछले महीने मियामी ओपन में अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाली अमेरिकी विश्व नंबर 22 खिलाड़ी रविवार को चौथी वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना से भिड़ेंगी। यहां आना और संघर्ष करना बहुत मजेदार रहा है। मैं यही करता हूं। मुझे सिर्फ युद्ध करना पसंद है, 30 वर्षीय कोलिन्स ने 2021 से अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कहा। मैंने आज एक योद्धा की भूमिका निभाई। मारिया का करियर इतना सफल रहा है। हमारे सबसे लगातार खिलाड़ियों में से एक। यह कभी आसान नहीं होता. मुझे इसके लिए काम करना पड़ा. एक और योद्धा है। हमेशा कोई ऐसा व्यक्ति जिसके खिलाफ लड़ने में मुझे मजा आता है। चाहे जीत हो या हार... कोई ऐसा व्यक्ति जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं। पूर्व ऑस्ट्रेलियन ओपन उपविजेता कोलिन्स ने जनवरी में घोषणा की थी कि वह 2024 में खेल छोड़ देंगी और उन्हें एक परिवार शुरू करने की उम्मीद है।



मियामी में अपना पहला मास्टर्स 1000 जीतने के बाद, वह 2021 में सैन जोस में जीत का दावा करने के बाद अपने खाते में दूसरा डब्ल्यूटीए 500 खिताब जोड़ना चाहेंगी। वह निडर है। जब वह अपने खेल को महसूस करती है, तो वह दौरे पर सबसे खतरनाक खिलाड़ियों में से एक है, और वह निश्चित रूप से अभी इसे महसूस करती है। मुझे लगता है कि माहौल बहुत अच्छा होने वाला है क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका में एक अमेरिकी के खिलाफ खेलने से हमेशा कोर्ट पर कुछ अतिरिक्त ऊर्जा आती है। इसलिए मैं वास्तव में इसका इंतजार कर रहा हूं।

## जोकोविच सबसे उम्रदराज नंबर वन खिलाड़ी बने

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सर्बिया के नोवाक जोकोविच रविवार को रोजर फेडरर का रेकॉर्ड तोड़ते हुए एटीपी रैंकिंग के इतिहास में नंबर-एक खिलाड़ी के तौर पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स बन गए हैं। कुल 24 ग्रैंड स्लेम जीतने वाले जोकोविच 36 साल 321 दिन के हैं। पुरुष एकल खिलाड़ी के तौर पर उनके नाम पहले से ही सर्वाधिक 419 सप्ताह तक नंबर-वन पर काबिज रहने का रेकॉर्ड है। वहीं, रोजर फेडरर 310 सप्ताह के साथ उनसे काफी पीछे हैं।

## एथलेटिको बिलबायो 40 साल बाद बना चैंपियन

**सेविला.एजेंसी**

एथलेटिको बिलबायो टीम के लिए यादगार बन गई क्योंकि वो 40 साल बाद कोपा डेर रे फुटबॉल कप जीतने में सफल रही। यहां खेले गए फाइनल के दूसरे लेग में एथलेटिको बिलबायो ने मल्लोर्का के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। फाइनल के पहले लेग में एथलेटिको बिलबायो ने 3-1 से जीत दर्ज की थी। इस तरह उसने कुल 4-2 के स्कोर से मल्लोर्का को हराकर खिताब जीत लिया।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

● दिल जीतने आ रहीं है बोनिता...

## 'लव सेक्स और धोखा 2' से पहली ट्रांस महिला लॉन्च



निर्माता एकता आर कपूर और निर्देशक दिबाकर बनर्जी के डिस्क्लेमर के बाद जारी किया गया 'लव सेक्स और धोखा 2' का टीजर सुर्खियों में छाया हुआ है। टीजर एक मनोरंजक और चौंकाने वाली कहानी की झलक देता है। इसने सोशल मीडिया और फिल्म के हर एक पहलू पर एक बिल्कुल नई चर्चा छेड़ दी है। कई चीजों के बीच, एक पहलू जिसने वास्तव में दर्शकों को चौंका दिया, वह एक ट्रांस महिला नायक की उपस्थिति थी, जिसे निर्माता एकता आर कपूर ने पहली बार बड़े पर्दे पर पेश किया है।

> निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर बोनिता राजपुरोहित की यात्रा को प्रदर्शित करते हुए एक वीडियो साझा किया और बताया कि कैसे बोनिता को 'लव सेक्स और धोखा 2' में भूमिका मिली।

### एकता कपूर ने किया ट्रांसजेंडर-महिला को लॉन्च

एकता कपूर ने नए चेहरों को पर्दे पर मौका दिया है। 2010 में रिलीज हुई 'लव सेक्स और धोखा 2' के साथ एकता ने मनोरंजन इंडस्ट्री में कई नए चेहरों को पेश किया। इस बार, एकता 'लव सेक्स और धोखा 2' में एक ट्रांसजेंडर-महिला को मुख्य भूमिका में लॉन्च करने वाली पहली निर्माता बन गई हैं। बोनिता राजपुरोहित फिल्म में कुल्लू का किरदार निभाती नजर आएंगी, जिसकी झलक हम सभी टीजर में देख चुके हैं।

### रूढ़िवादिता को तोड़ेगी 'लव सेक्स और धोखा 2'!

एकता ने एक कैप्शन के साथ बोनिता का स्वागत किया, जिसमें लिखा है, फिल्म जगत में बोनिता का स्वागत है!!! हर सपना सच होता है और सच होने का हकदार होता है। रूढ़िवादिता, सीमाओं और सांचों को तोड़ते हुए, 'लव सेक्स और धोखा 2' अपने ताने-बाने पर खरा उतरता है और आज की पीढ़ी की वास्तविकताओं पर सबसे अशोभनीय तरीके से चर्चा करता है। उल्लेखनीय रूप से, यह पहली बार होगा जब एक ट्रांसजेंडर-महिला को किसी नाटकीय बॉलीवुड फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते हुए देखा जाएगा।

● कृति सेनन ने बॉलीवुड को लेकर किए चौंकाने वाले खुलासे

## इंडस्ट्री में एकता नहीं... 'कोई किसी को सपोर्ट नहीं करता'



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन का नाम अब बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में शुमार हो चुका है. इस वक्त वे अपने करियर के पीक पर हैं. इन दिनों वे अपनी फिल्म क्रू की सक्सेस को जमकर एंजॉय कर रही हैं. इसके अलावा उनके खाते में और भी कई बड़ी फिल्में हैं. इसी बीच एक्ट्रेस ने बॉलीवुड को लेकर एक चौंका देने वाला खुलासा किया है. कृति ने साल 2014 में आई फिल्म हीरोपंती से अपने करियर की शुरुआत की थी. किसी गॉडफादर के बिना उन्होंने अपने दम में इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है. यही वजह है कि बड़े से बड़ा डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्मों में कास्ट कर रहा है. लेकिन हाल ही में कृति को लेकर हैरान कर देने वाले खुलासे किए हैं. उन्होंने बताया कि बॉलीवुड में एकता नहीं. एक इंटरव्यू के दौरान कृति सेनन ने कहा कि हमारे इंडस्ट्री के लोगों के बीच एकता नहीं है. मुझे नहीं पता कि फिल्म की सक्सेस पर कितने लोग सच में खुश होते हैं. अगर अभी भी हम सभी एक हो जाए, एक दूसरे को सपोर्ट करें, तो इंडस्ट्री में बहुत सारे बदलाव आ जाएंगे. बॉलीवुड एक अलग लेवल पर चला जाएगा. मैं इस बदलाव की उम्मीद करती हूं और मुझे लगता है ये बदलाव धीरे-धीरे आ रहा है. इंडस्ट्री में मेल एक्टर्स को लेकर भेदभाव पर भी कृति ने अपना बयान दिया है. उन्होंने जूम संग बातचीत पर कहा कि अगर कोई फिल्म फ्लॉप होती है, तो फौरन इसका दोषी फिल्म की हीरोइन को ठहरा दिया जाता है. मैं अब इन चीजों को इतना भाव नहीं देती. जबकि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है. फिल्म हिट करवाना किसी एक की जिम्मेदारी नहीं होती है. कृति सेनन की फिल्मों पर नजर डालें तो साल 2024 उनके लिए अभी तक लकी साबित हुआ है. उनकी और शाहिद कपूर की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया।

● जाह्नवी ने सुनाई मां के मरने से पहले की मुलाकात

## श्रीदेवी की मौत ने सभी को सदमे में डाल दिया था



हिंदी सिनेमा की पहली लेडीस्टार श्रीदेवी भले आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन वे चांदनी बनकर हमेशा अपने फैंस के दिनों में जिंदा रहेंगी. उनकी अचानक मौत की खबर ने फैंस को हिला कर रख दिया था. पूरी इंडस्ट्री में सन्नाटा पसर गया था. वहीं उनकी फैमिली सदमे में थी और खासकर एक्ट्रेस की बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर. वे बुरी तरह से टूट चुकी थीं. जाह्नवी अपनी मां के बेहद करीब थीं. वहीं जब श्रीदेवी की मौत हुई, तब जाह्नवी अपनी डेब्यू फिल्म धड़क की शूटिंग कर रही थी. जाह्नवी ने बताया था कि मां मेरी फिल्म को लेकर काफी एक्साइडेट थीं.

### श्रीदेवी की मौत से पहले जाह्नवी ने मां से कही ये बात

जाह्नवी ने बताया था कि श्रीदेवी की मौत से पहले उनके साथ उनकी आखिरी बात क्या हुई थी. उन्होंने कहा कि 'मुझे दूसरे दिन फिल्म की शूटिंग पर जाना था और मुझे नींद नहीं आ रही थी. मैं मां के कमरे में गई और कहा कि आप मुझ सुला दो. लेकिन वो पैकिंग में बिजी थीं. वे अगले दिन दुबई जाने वाली थीं. जब वो मेरे रूम में आई मैं तब तक मैं आधी नींद में थी. लेकिन उन्होंने फिर भी अपना हाथ मेरे सिर पर रखा और सहलाया.' वहीं एक्ट्रेस की वर्कफ्रंट की बात करें तो इन दिनों वे अपनी आगामी फिल्म 'देवरा' में नजर आने वाली है. इस फिल्म में एक्ट्रेस पहली बार जूनियर एनटीआर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी. इस फिल्म के जरिए जाह्नवी कपूर अपना साउथ डेब्यू करने वाली हैं. बता दें कि इस फिल्म के दो पार्ट्स आएंगे. पहला पार्ट इसी साल 10 अक्टूबर को रिलीज होगा.

### मां के जाने के बाद बन गईं धार्मिक

एक्ट्रेस ने खुद बताया कि उनकी मां के जाने के बाद आस्था की तरफ उनका झुकाव बढ़ गया है. एक इंटरव्यू में जाह्नवी ने कहा था कि मेरी मां बहुत धार्मिक थी और मुझे लगता है उनके जाने के बाद मैं भी बहुत ज्यादा धार्मिक हो चुकी हूं. भक्ति पर विश्वास करने लगी हूं.

# प्रेमी ने की नर्स की हत्या, शव लेकर पहुंचा अस्पताल डॉक्टर से बोला- चक्कर खाकर गिर गई थी



## गले पर मिले चोट के निशान से डॉक्टर को हुआ शक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या किए जाने की पुष्टि होने पर पुलिस ने महिला के प्रेमी को किया गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

दो दिन पहले लाल घाटी क्षेत्र के एक फ्लैट में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई एक नर्स की मौत के मामले की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। नर्स के प्रेमी ने ही उसकी गला घोंटकर हत्या की थी। उसके बाद वह शव को लेकर अस्पताल पहुंचा था। वहां उसने डॉक्टर को बताया था कि चक्कर आने के बाद वह घर में गिर पड़ी थी। गले पर मिले चोट के निशान से डॉक्टर का शक हो गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या किए जाने की पुष्टि होने पर पुलिस ने महिला के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित शादीशुदा है। महिला उसके साथ रहने की जिद करने लगी थी। डीसीपी-जोन-तीन रियाज इकबाल ने बताया कि मूलत-केरल की रहने वाली 37 वर्षीय महिला बागसेवनिया क्षेत्र में अपने 11 वर्ष के बेटे के साथ रहती थी। वह एक निजी अस्पताल में नर्सिंग सुपरवाइजर का काम करती थी। उसका पति केरल में रहता है। महिला पूर्व में लाल घाटी स्थित तृप्ति अस्पताल में नर्स का काम करती थी। तब उसके अवैध संबंध अस्पताल में काम करने वाले दीपक कटियार से हो गए थे। दीपक कटियार की अप्रैल-2023 में शादी हो गई थी। शादी के बाद से उसने महिला से दूरी बनाना शुरू कर दी थी। उधर महिला लगातार दीपक पर साथ रहने के लिए दबाव बनाने लगी थी। इससे दीपक मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। पिछले कुछ दिनों से महिला ने धमकी देना शुरू कर दी थी कि यदि वह कहना नहीं मानेगा, तो वह उसकी पत्नी को सब कुछ बता देगी। इस वजह से दीपक ने महिला से छुटकारा बनाने के लिए उसकी हत्या की साजिश रच ली थी।

### आरोपी ने ऐसे दिया घटना को अंजाम

तीन अप्रैल को दीपक ने महिला को लालघाटी के विजयनगर स्थित अपने फ्लैट पर बात करने के लिए बुलाया था। वहां दीपक ने महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। तीन घंटे तक शव को घर में रखा रहने दिया। उसके बाद वह उसे लेकर उसी अस्पताल में पहुंचा था, जहां महिला काम करती थी। उसने डॉक्टर को बताया था कि वह चक्कर खाकर गिर गई थी। पुलिस ने हत्या के आरोप में दीपक को गिरफ्तार कर लिया है। उधर महिला का शव पोस्टमार्टम के बाद केरल से आए उसके स्वजन को सौंप दिया।

### रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

# सफर के दौरान चलती ट्रेन में पांच यात्रियों के मोबाइल समेत हजारों का सामान चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। राजधानी से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में लोगों के मोबाइल फोन और सामान चोरी होने का सिलसिला जारी है। पिछले दिनों सफर के दौरान चलती ट्रेनों में पांच यात्रियों के मोबाइल फोन समेत हजारों रुपये का सामान चोरी हो गया। जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, लेकिन एक भी वारदात का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।**




जीआरपी के मुताबिक गंजबासौदा निवासी मुकेश यादव पिछले दिनों भोपाल से गंजबासौदा जा रहे थे। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर खड़ी गोंडवाना एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में चढ़ते समय किसी ने पैंट की जेब से उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। ट्रेन की रफ्तार तेज होने के कारण वह उतर नहीं सके और गंजबासौदा जीआरपी चौकी पहुंचकर मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। वहां से डायरी आने के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। चोरी गए मोबाइल की कीमत 20 हजार रुपए बताई गई है। उसी दिन इसी ट्रेन में पीछे की तरफ जनरल बोगी में सवार होकर भोपाल से विदिशा जा रहे जितेंद्र खंगार की जेब से एक मोबाइल फोन चोरी हो गया था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 21 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

### गोंडवाना एक्सप्रेस से युवक का बैग उड़ाया

कोरबा छत्तीसगढ़ निवासी अविनाश सवाई अपने परिवार के साथ गोंडवाना एक्सप्रेस में निजामुद्दीन से बिलासपुर की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपना एक लेदर का साईड बैग सीट पर रख दिया था। मोबाइल फोन को चार्जिंग पाइंट पर लगाकर बैग के अंदर रखा था। भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचने से पहले आउटर के पास देखा तो उनका बैग चोरी हो चुका था। बैग में 20 हजार का मोबाइल फोन और पांच हजार रुपये नकदी के अलावा पावर वाला चश्मा, पेन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, आधार कार्ड, बैंक आफ बड़ौदा का एटीएम कार्ड समेत अन्य सामान रखा हुआ था। जीआरपी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### कर्नाटका एक्सप्रेस में युवक का मोबाइल चोरी



सागर जिले के बिलहनी में रहने वाले रोशन सौर दो दिन पहले अपने भाई के साथ कर्नाटका एक्सप्रेस की जनरल बोगी में सवार होकर बीना से बैंगलोर की यात्रा कर रहे थे। भोपाल रेलवे स्टेशन से ट्रेन छूटने के बाद देखा तो चार्जिंग पाइंट पर लगा उनका मोबाइल फोन गायब हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 13 हजार रुपए बताई गई है। बाद में उन्होंने जीआरपी पहुंचकर मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी प्रकार ग्वालियर निवासी ऋषि कुमार गुजरानिया भोपाल एक्सप्रेस में ग्वालियर से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन से उतरने के बाद वह मोबाइल पर बात करते हुए प्लेटफार्म क्रमांक एक की तरफ बाहर निकले। इसी बीच उन्होंने कहीं पर अपना मोबाइल रख दिया, जिससे वह चोरी हो गया। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर लिया है।

# गोडाउन में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पीएनटी चौराहा पर टेंट हाउस के गोडाउन में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह काम की तलाश में तीन महीने पहले भोपाल आया था। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार अमलीखेड़ा गांव सीहोर निवासी 23 वर्षीय राज उइके पिता सुमेर सिंह उइके तीन महीने पहले बेटा काम की तलाश में भोपाल आया था। पीएन्डटी चौराहा स्थित एक टेंट हाउस में नौकरी करने लगा था। टेंट गोडाउन में ही रहता था। 8 दिन पहले आखिरी बार उससे कॉल पर बात हुई थी। तब उसने किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया था। रविवार की सुबह करीब सात बजे बेटे के साथियों ने कॉल कर बताया कि उसने फांसी लगा ली है।

# युवक से एक्टिवा सवार लुटेरों ने मोबाइल झपटा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थिज जुबली गेट के पास बस स्टाप पर बस का इंतजार कर रहे युवक से एक्टिवा सवार दो लुटेरों ने मोबाइल झपट लिया। पुलिस ने युवक की शिकायत पर लूट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस लूट के संदेह में दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी अनुराग लाल ने बताया कि रिहान शेख पिता शिराज (21) किरन नगर, नरेला संकरी, पिपलानी में रहता है और अशोका गार्डन स्थित एक होटल में काम करता है। गत 5 अप्रेल की रात करीब 9 बजे वह अशोका गार्डन से मैजिक से जुबली गेट के पास उतरा था। मैजिक से उतरने के बाद वह बस स्टाप पर खड़ा था। इस दौरान उसने जेब से मोबाइल निकाला और देखने लगा, तभी एक्टिवा सवार दो लुटेरे उसके पास पहुंचे और पीछे बैठे लुटेरे ने उसके हाथ से मोबाइल छीन लिया। रिहान कुछ समझ पाता इससे पहले ही लुटेरे तेजी से एक्टिवा चलाकर भाग निकले।

# कार ने मारी बाइक सवार युवक को टक्कर, मौत

### बरखेड़ा पठानी से लहारपुर जाने वाली सड़क पर हादसा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा पठानी से लहारपुर जाने वाली सड़क पर रविवार रात कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद युवक को एंबुलेंस एम्स लेकर पहुंची थी, वहां डॉक्टर ने कुछ देर बाद ही युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार इमरत पिता गुड्डू (23) मूलतः नया बस स्टैंड, उदयपुरा, रायसेन का था। हाल ही में वह बरखेड़ा पठानी में रहताड़्था और प्राइवेट काम करताड़्था। रविवार रात वह बरखेड़ा से लहारपुर की तरफ आ रहा था, तभी अज्ञात कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसे गंभीर चोट आईड़्थी। सड़क से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने इमरत को एम्स में भर्ती कराया, वहां कुछ देर चले इलाज के बाद इमरत की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि आज पीएम के बाद परिजन से पूछताछ की जाएगी।

# युवक ने जहरीला पदार्थ पीकर दी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित भोजापुरा में रविवार सुबह एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। युवक की मृत्यु पूर्व बयान नहीं हो सके थे। साथ ही परिजन बयान देने की स्थिति में नहीं है। परिजन के बयान के बाद ही आत्महत्या के कारण स्पष्ट होने की उम्मीद है। पुलिस ने बताया संजय विश्वकर्मा पिता जमुना प्रसाद विश्वकर्मा (20) भोजापुरा, तहसील बैरसिया में रहता था। संजय भोजापुरा चौराहा पर पानी पुरी का ठेला लगाता था जबकि उसके पिता गन्ने की चरखी का ठेला लगाते हैं। संजय के परिवार में माता-पिता के अलावा तीन बहने हैं। एक की शादी हो चुकी है जबकि दो कुंवारी हैं। परिजन ने बताया कि रविवार सुबह संजय उल्टियां कर रहा था। उल्टियां करने का कारण पूछा तो उसने बताया जहर खा लिया है। उसे फौरन अस्पताल ले जाया गया, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने संजय को मृत घोषित कर दिया।

**मेट्रो एंकर** — हाईकोर्ट ने किया था मना, आज लगाई जाएगी अवमानना याचिका

# चुनाव ड्यूटी में उलझे कर्मचारी, शिकारी हावी रिजर्व में घुस रहे, *क्योंकि छूट के बाद भी प्रदेश के कई जिलों में वन अमले की लगाई चुनाव ड्यूटी*

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव में प्रशासन की व्यस्तता को भांपने के बाद शिकारी हावी है और टाइगर रिजर्व में हावी है। शिकार करने की फिराक में रिजर्व के अंदर तक दाखिल हो रहे हैं। कूनो और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दो प्रमुख घटनाएं सामने आ चुकी है। इसके बावजूद वन अधिकारी, कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी में उलझा रखा है। ये छूट की मांग कर रहे हैं जो नहीं मिलने के कारण हाईकोर्ट में अवमानना याचिका लगाने की तैयारी में है। आज सोमवार शाम तक याचिका लगाई की बात कह रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में आयोग व सुप्रीम कोर्ट की केंद्रीय साधिकार समिति और हाईकोर्ट में लगाई एक याचिका के जवाब में वन कर्मियों को चुनाव ड्यूटी से दूर रखने के निर्देश दिए थे।

### पहले भी हो चुके हैं शिकार

चुनाव ड्यूटी को लेकर प्रशासन के साथ चल रही खींचतान का फायदा शिकारी उठाने में पीछे नहीं है। मार्च में कूनो नेशनल पार्क के अंदर शिकारी घूस चुके हैं। बांधवगढ़ रिजर्व में भी शिकारी दाखिल हुए थे। कूनों में शिकारी किसी वन्यप्राणी का शिकार नहीं कर सके। यह गनीमत रही, क्योंकि यहां चीतों को रखा जा रहा है। इनमें से दो चीते खुले जंगल में भी छोड़े गए हैं। वहीं बांधवगढ़ रिजर्व में शिकारियों ने चीतलों का शिकार किया था और मांस भी ले गए थे। हालांकि इन्हें पकड़ा जा चुका है। इस तरह की कई घटनाएं प्रदेश के वन क्षेत्रों में होनी लगी है। यह हाल तब है जब टाइगर रिजर्व और बाघ, तेंदुए के भ्रमण वाले सामान्य वन क्षेत्रों में शिकारियों से निपटने के लिए मुखबिर तंत्र की बात की जाती रही है , लेकिन यह तंत्र भी खास काम नहीं आ रहा है क्योंकि बांधवगढ़ में पहले भी शिकार की कई घटनाएं हो चुकी है। वन विभाग ने इसके लिए बाघ मित्र भी बनाए थे। तब भी स्थिति अपेक्षाकृत नहीं सुधरी। नतीजा यह रहा कि बालाघाट वन विकास निगम वाले क्षेत्र में शिकारियों ने एक बाघ का न केवल शिकार किया, बल्कि उसकी खाल उतारकर उसे नदी में बहा दिया। चुनाव आचार संहिता के चंद दिन पहले ही उक्त घटना सामने आई थी। अब तक शिकारी पकड़े नहीं गए। अब शिकारियों के सक्रिय होने के बाद वन विभाग की एसटीएसएफ जैसी अलग-अलग विंग ने सक्रियता बढ़ा दी है। वन विभाग ने सभी क्षेत्रीय टीमों को पुराने मामलों की जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही पिछले 2 महीने में हुए शिकार के मामलों में शिकारियों को गिरफ्तार करने को कहा है। जिसके बाद शिवपुरी, जबलपुर, भोपाल की एसटीएसएफ टीमें सक्रिय हुई है।









स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022